

पृष्ठ.. 4 पर पढ़ें..

टाइगर श्रॉफ को एक्टिंग छोड़ देने की मिली सलाह

मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का

लोकप्रिय हिंदी दैनिक

# उल्हास विकास

वर्ष : 44 ■ अंक : 145 ■ रविवार, 24 अगस्त 2025 ■ 3 रुपए ■ पृष्ठ 4

संपादक - हीरो अशोक बोधा BMM, L.LB., M.A. Mobile.:- 9822045566

FOLLOW US @ulhasvikas ulhasvikas@gmail.com Google Play · GET IT ON ULHAS VIKAS Google Play · Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel · Subscribe

epaper.ulhasvikas.com

# KDMC चुनाव : प्रभाग रचना घोषित

## नई प्रभाग रचना में 31 प्रभाग

## आपत्ति दर्ज करने की अवधि 4 सितंबर तक

**कल्याण.** आगामी मनपा चुनावों को ध्यान में रखते हुए, सरकारी निर्देशानुसार, आयुक्त अभिनव गोयल ने शुक्रवार रात कल्याण डोंबिवली मनपा की नई वार्ड संरचना की घोषणा की। इस संरचना में, कल्याण डोंबिवली मनपा में 31 नए प्रभाग होंगे। यदि नागरिकों और राजनीतिक पदाधिकारियों को इस नई वार्ड संरचना पर कोई आपत्ति है, तो उन्हें अपनी आपत्ति दर्ज कराने के लिए 4 सितंबर तक का समय दिया गया है।

कल्याण डोंबिवली मनपा में पहले कुल 122 वार्ड थे। इन वार्डों की संयुक्त 4 सदस्यीय प्रणाली में नई प्रभाग संरचना तैयार की गई है। पिछले 25 वर्षों से मनपा पर शासन कर रहे शिवसेना और भाजपा के बीच इस बात को लेकर खींचतान चल रही थी कि यह वार्ड संरचना उनके लिए सुविधाजनक है या नहीं। मंत्रालय में चर्चा थी कि पिछले कुछ दिनों से शिंदे-शिवसेना और भाजपा के बीच चल रही खींचतान की वजह भी यही है। यह नया वार्ड ढाँचा उनकी सुविधानुसार बनाया जाना चाहिए। बाद में, भाजपा और शिवसेना (शिंदे) मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों पर इसे सार्वजनिक करने का दबाव बना रहे थे।

आखिरकार, शुक्रवार को भाजपा, शिंदे-शिवसेना और राकांपा-अजित पवार गुट के प्रमुख नेताओं ने मुंबई में एक संयुक्त बैठक की। इस नए वार्ड ढाँचे को दोनों दलों के लिए सुविधाजनक मानने के बाद, शिंदे-शिवसेना और भाजपा-राकांपा-अजित पवार गुट ने इस नए वार्ड ढाँचे को लेकर सकारात्मक रुख अपनाया। और इन नेताओं की बैठक के बाद, शुक्रवार रात ही ठाणे और कल्याण-डोंबिवली मनपा के प्रभाग रचना की घोषणा कर दी गई, ऐसा एक विश्वसनीय सूत्र ने बताया है.

नई वार्ड संरचना में किसी एक दल या समूह के सदस्यों को उम्मीदवार के रूप में चुना जा सकेगा। इसके लिए, प्रत्येक दल ने वार्ड के अनुसार उम्मीदवार खोजने और दूसरे दल के मज़बूत पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को अपनी पार्टी में शामिल करने के लिए ज़ोरदार प्रयास शुरू कर दिए हैं ताकि इस समूहवार गणना को अंजाम दिया जा सके।



| |
|---|
| 3-सदस्यीय प्रभाग 21 और 25 |
| 4-सदस्यीय प्रभाग 29 |
| कुल प्रभाग 31 |
| जनसंख्या - 1518762 |
| अनुसूचित जाति संख्या 150171 |
| अनुसूचित जनजाति 42584 |




### प्रभाग संरचना...

- कल्याण डोंबिवली महानगर पालिका की वार्ड संरचना 2011 की जनसंख्या के अनुसार बनाई गई है। 2011 की जनगणना के अनुसार, कल्याण डोंबिवली महानगर पालिका की जनसंख्या 15 लाख 18 हजार 762 है।
- इसमें अनुसूचित जाति की जनसंख्या 1 लाख 50 हजार 171 और अनुसूचित जनजाति की जनसंख्या 42 हजार 548 निर्धारित की गई है। नए 31 प्रबाग संरचना में वार्ड क्रमांक 21 और 25 को तीन सदस्यीय संरचना में बनाया गया है। 4 सदस्यीय वार्डों की संख्या 29 निर्धारित की गई है।
- 3 सदस्यीय प्रभाग वाले 21 प्रभागों की कुल जनसंख्या 35 हज़ार 407 है। इनमें अनुसूचित जाति की जनसंख्या 1488, अनुसूचित जनजाति की जनसंख्या 294 है।
- वार्ड क्रमांक 25 की जनसंख्या 36 हज़ार 452 है। इनमें अनुसूचित जाति की जनसंख्या 1062, अनुसूचित जनजाति की जनसंख्या 202 है। 31 प्रभागों की कुल जनसंख्या 40 हज़ार से 50 हज़ार है।

# भाऊ परसराम झूलेलाल मंदिर में चालिया महाव्रत का समापन



## आज भव्य शोभायात्रा



**उल्हासनगर.** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भाऊ परसराम झुलेलाल मंदिर में पूज्य चालिया साहेब महाव्रत धूमधाम और श्रद्धा-भक्ति के माहौल में मनाया जा रहा है और अब महाव्रत समापन की ओर है। जिस महाव्रत के बारे में अधिक जानकारी देते हुए भाऊ हरगुन मूलचंदानी ने बताया कि रविवार २४ अगस्त को मटकी मेला के बाद शाम को ४ बजे मंदिर से शाही शोभा यात्रा का आरंभ होगा, जो शोभायात्रा बेवस चौक, साधुबेला स्कूल, भारत चौक, सीरू चौक, नेहरू चौक, शिवाजी चौक व सेक्शन-१७से होते हुए रात को हीराघाट पर जाकर समाप्त होगी।

भाऊ हस्गुन मूलचंदानी ने अधिक जानकारी देते हुए बताया कि कैंप १ स्थित भाऊ परसराम झुलेलाल मंदिर में पूज्य चालिया साहेब महाव्रत के समापन के अवसर पर पुरूषों की मटकी का आयोजन रविवार २४ ऑगस्ट को सुबह १० बजे से तथा महिलाओं की मटकी मेला का आयोजन सोमवार २५ अगस्त सुबह १० बजे से होगा और महिलाओं द्वारा मटकी विसर्जन के बाद २५ ऑगस्ट को पल्लव रस्म होगी। वहीं उक्त कार्यक्रम में सम्मलित होने वाली सभी माताओं व बहनों से मंदिर के गादीनशीन भाऊ लीलाराम मूलचंदानी, भाऊ महेंद्र मूलचंदानी, भाऊ हस्गुन मूलचंदानी सेवाधारियों की और से अपील की गई है कि वे मेले में शामिल होने के समय सोने के जेवर पहनकर न आए तथा सभी दुकानदार भाईयों से भी अपील की गई है कि वे २४ ऑगस्ट को निकलने वाली भगवान झुलेलाल साईंजी की शोभा यात्रा का स्वागत करने हेतू अपने दुकानों के बाहर साफ-सफाई रखकर रोशनी की उचित व्यवस्था करें और भगवान झुलेलाल की आर्शिवाद प्राप्त करे और अपना जीवन सफल बनाए।

# शहंशाह फर्निचर में कोई अवैध निर्माण कार्य नहीं -साधना शहानी



**उल्हासनगर।** उल्हासनगर-3 स्थित शहंशाह फर्नीचर में अवैध निर्माण की शिकायत के बाद दै. उल्हास विकास में खबर दी गई थी. इस खबर पर हमारे कार्यालय में पत्र द्वारा शहंशाह फर्निचर से साधना राम शहानी ने जानकारी है कि शहंशाह फर्नीचर में किसी भी तरह का अवैध निर्माण नहीं हो रहा है. हमारे दुकान में मरम्मत का कार्य चल रहा है, जिसकी गलत जानकारी कुछ लोगों द्वारा फैलाई जा रही है।

# उल्हासनगर में गुंडे प्रवृत्ति के ठेकेदारों की दहशत

- अवैध निर्माणों को मनपा अधिकारियों व नेताओं का आशीर्वाद
- उल्हासनगर 3 में 5 अवैध गाले तोड़े गए
- अवैध निर्माणों पर दिखावे की कार्रवाई
- ठेकेदारों की दहशत में लोग





**उल्हासनगर.** उल्हासनगर 3 स्थित अनिल अशोक टाकीज के पीछे वाली सड़क पर पिछले हफ़्ते एक व्यक्ति ने पाँच अवैध गाले बना लिए गए थे। इस संबंध में उल्हासनगर मनपा वार्ड समिति 3 के कार्यालय में नागरिकों की ओर से बड़ी संख्या में शिकायतें मिली थीं। शुक्रवार वार्ड समिति 3 के अतिक्रमण विभाग ने इन अवैध 5 गालों के ख़िलाफ़ कार्रवाई की और दुकानों के शटर हटा दिए। हालाँकि, नागरिकों का आरोप है कि यह कार्रवाई सिर्फ़ 'दिखावे' के लिए की गई थी। शटर हटाना सिर्फ़ औपचारिकता है, और स्थानीय निवासियों की माँग है कि मनपा प्रशासन इन अवैध निर्माणों को तोड़ने का पूरी तरह साहस दिखाए। इस मामले में मनपा प्रशासन की कार्रवाई पर सवालिया निशान उठ रहे हैं, और यह सवाल भी नागरिकों के बीच तेज़ी से उठ रहा है कि मनपा कब इन अवैध झोपड़ियों को पूरी तरह से तोड़ने का साहस दिखाएगी?

वहीं शहर में सैकड़ों की संख्या में अवैध निर्माणों का कार्य जारी है जो नेताओं के गुंडे ठेकेदारों द्वारा बनाए जाते हैं उन्हें मनपा अधिकारियों का पूरा समर्थन प्राप्त है। अवैध निर्माणों का कार्य गुंडे प्रवृत्ति के ठेकेदारों को इसलिए दिया जाता है ताकि कोई शिकायत न करें ऐसे ठेकेदारों पर कार्रवाई करके उन्हें जेल भेज देना चाहिए।

# अंबरनाथ में 4 टेम्पो से बैटरियाँ चोरी



**अंबरनाथ.** अंबरनाथ में एक ही रात में चार टेम्पो से बैटरियाँ चोरी होने का मामला सामने आया है। इस संबंध में शिवाजी नगर पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है और टेम्पो चालकों एवं मालिकों के संघ ने पुलिस गश्त बढ़ाने की माँग की है। टेम्पो चालकों ने कानसई इलाके में जैन मंदिर के पास देर रात अपने वाहन खड़े किए थे। हालांकि, सुबह जाँच करने पर पता चला कि टेम्पो से बैटरियाँ चोरी हो गई थीं। चोरी हुई 4 बैटरियों की कीमत लगभग 40,000 से 45,000 रुपये आंकी गई है। इससे टेम्पो मालिकों को भारी नुकसान हुआ है। इस इलाके में ऐसी घटनाएँ लगातार हो रही हैं, इसलिए टेम्पो चालक-मालिक संघ आक्रामक हो गया है। संघ के अनुसार, चोरों को अक्सर पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया जाता है। फिर भी, उनके खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जाती। इसी वजह से, चालकों का आरोप है कि चोरों में पुलिस का डर खत्म हो गया है।

# बिना अनुमति जुलूस निकालने पर '26 का राजा' के अध्यक्ष के खिलाफ अपराध

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर में ढोल-तासों की धूम और उत्सव का उत्साह आखिरकार कानून के उल्लंघन में बदल गया है। गणेशोत्सव की पृष्ठभूमि में, '26 का राजा' समूह ने ठाणे पुलिस आयुक्तालय द्वारा जारी प्रतिबंध का उल्लंघन करते हुए कैंप नंबर 4 क्षेत्र में बिना अनुमति के जुलूस निकाला। ढोल-तासों की ध्वनि के साथ निकाले गए इस अवैध जुलूस के कारण समूह के अध्यक्ष राजेश थदानी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने अब त्योहार के नाम पर कानून का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई शुरू कर दी है।

उल्हासनगर शहर में गणेशोत्सव का उत्साह चरम पर है, वहीं कानून के उल्लंघन का एक गंभीर मामला सामने आया है। कैंप 4 स्थित '26 का राजा' गणेश मंडल ने 18 अगस्त को धूमधाम से जुलूस निकाला, लेकिन पता चला है कि इस जुलूस के लिए कोई आधिकारिक अनुमति लिए बिना ही जुलूस निकाला गया था।

ठाणे पुलिस आयुक्तालय ने गणेशोत्सव के दौरान बिना अनुमति के जुलूस निकालने, नारे लगाने और ढोल-मंजीरे बजाने पर स्पष्ट प्रतिबंध लगा रखा था। इसके बावजूद, इन आदेशों का उल्लंघन करते हुए, अध्यक्ष राजेश थदानी के नेतृत्व में निकाले गए जुलूस के दौरान बड़े पैमाने पर ढोल-ताशे बजाए गए। इलाके में मुख्य मार्ग पर इस तरह की बड़े पैमाने पर गतिविधि की जानकारी मिलने पर, गोपनीय विभाग अधिकारी चेतन खांबेकर ने तुरंत संज्ञान लिया और उनकी शिकायत के आधार पर विठ्ठलवाड़ी पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया।

# गणेश चतुर्थी की पृष्ठभूमि में रूट मार्च

- संवेदनशील इलाकों में सुरक्षा कड़ी
- विठ्ठलवाड़ी पुलिस का शक्ति प्रदर्शन



**उल्हासनगर.** गणेश चतुर्थी के स्वागत के लिए उल्हासनगर में सजावट, उत्साह और भक्ति का माहौल बना हुआ है। इस त्योहार का निर्भीक और सुरक्षित आनंद उठाने के लिए, विठ्ठलवाड़ी पुलिस ने एक सशक्त और अनुशासित रूट मार्च का आयोजन कर नागरिकों में विश्वास जगाया। ढोल-नगाड़ों के साथ निकाले जाने वाले जुलूस से पहले आयोजित इस रूट मार्च ने शहरवासियों को कानून का स्पष्ट संदेश दिया।

उल्हासनगर में, सार्वजनिक निकायों ने गणेश चतुर्थी की तैयारियाँ तेज़ कर दी हैं और गणपति बप्पा का आगमन शुरू हो गया है। भक्तों के उत्साह में कोई खलल न पड़े और त्योहार सुचारू और शांतिपूर्ण ढंग से मनाया जाए, यह सुनिश्चित करने के लिए विठ्ठलवाड़ी पुलिस स्टेशन द्वारा एक भव्य रूट मार्च का आयोजन किया गया। वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अशोक कोली के नेतृत्व में आयोजित इस रूट मार्च में पाँच अधिकारी और 36 कर्मचारी शामिल हुए। पुलिस उपायुक्त सचिन गोरे और सहायक पुलिस आयुक्त अमोल कोली के मार्गदर्शन में आसेलेपाड़ा रोड सहित संवेदनशील क्षेत्रों में रूट मार्च किया गया।

## रिक्शा चालक ने पुलिस सब-इंस्पेक्टर पर किया हमला

**ठाणे.** ठाणे में यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर कार्रवाई के बाद, 30 वर्षीय एक गुस्साए ऑटो रिक्शा चालक ने एक यातायात पुलिस उप-निरीक्षक पर कथित तौर पर हमला कर दिया। आरोपी की पहचान राबोडी निवासी सदरुद्दीन काज़ी के रूप में हुई है। ठाणे यातायात पुलिस में तैनात पुलिस उप-निरीक्षक विजय बाबूराव कांबले (55) ठाणे रेलवे स्टेशन के पास यातायात प्रबंधन की ड्यूटी पर थे. जब काज़ी को निर्धारित ऑटो-रिक्शा स्टैंड के बाहर एक यात्री को उठाते हुए देखा गया। उल्लंघन होते देख, पुलिस उप-निरीक्षक कांबले ने काज़ी से संपर्क किया और ऑनलाइन जुर्माना जारी किया, जिसके बाद तीखी बहस हुई। स्थिति जल्द ही मारपीट में बदल गई।

# कल्याण में कल से चलेंगे मीटर वाले रिक्शा



**कल्याण.** रिक्शा यूनियन ने परिवहन विभाग और आरटीओ प्रशासन के साथ मिलकर कल्याण-डोंबिवली मनपा की सीमा में मीटर वाले रिक्शा चलाने की यात्रियों की माँग पर आखिरकार ध्यान दिया है। रिक्शा चालक-मालिक संघ के अध्यक्ष प्रणव पेणकर ने बताया कि गणेशोत्सव के उपलक्ष्य में 25 अगस्त से कल्याण में मीटर वाले रिक्शा चलाए जाएँगे। शुक्रवार को पेणकर ने बताया कि यातायात पुलिस, आरटीओ, रेलवे अधिकारियों और संघ के पदाधिकारियों ने मीटर वाले रिक्शा के लिए एक स्टैंड तय कर दिया है और उल्हासनगर की ओर जाने वाले रिक्शा स्टैंड से मीटर वाले रिक्शा चलाए जाएँगे।

कल्याण-डोंबिवली शहर में बेतरतीब ढंग से फैले लाखों रिक्शा के चक्रव्यूह से यात्रियों के लिए रास्ता बनाना मुश्किल हो रहा है, वहीं रिक्शा चालक मीटर वाले रिक्शा की बजाय शेयर रिक्शा देकर यात्रियों को लुभाने की कोशिश कर रहे हैं। शहर में मीटर वाले रिक्शा चलाने के हाईकोर्ट के आदेश के बाद भी, रिक्शा चालक मीटर के हिसाब से नहीं चल रहे थे. आखिरकार, आरटीओ और रिक्शा यूनियन के पदाधिकारियों ने एक बार फिर मीटर वाले रिक्शा के साथ प्रयोग करने का फैसला किया है।

रिक्शा एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रणव पेणकर ने पहल करते हुए आरटीओ, शहर पुलिस, यातायात पुलिस और रेलवे अधिकारियों के साथ मिलकर मीटर वाले रिक्शा स्टैंड का स्थान तय किया। इस बीच, मीटर वाले रिक्शा और प्रीपेड रिक्शा सेवाएँ पहले भी शुरू की गई थीं, लेकिन रिक्शा एसोसिएशन के पदाधिकारियों का कहना है कि यात्रियों की ओर से कोई प्रतिक्रिया न मिलने के कारण यह सेवा बंद करनी पड़ी, और अब नागरिकों ने शहर में मीटर वाली सेवाएँ सुचारू रूप से उपलब्ध कराने की अपेक्षा व्यक्त की है।

इस स्टैंड पर मीटर वाले रिक्शा का बोर्ड लगाया जाएगा, और रेलवे अधिकारियों ने कहा कि कल्याण स्टेशन से जाने के लिए यात्रियों को मीटर वाले रिक्शा कहाँ मिलेंगे, इसकी जानकारी देने के लिए बोर्ड लगाए जाएँगे। नागरिकों की मांग को ध्यान में रखते हुए, मीटर वाले रिक्शा उपलब्ध कराए जाएँगे। नागरिकों से आग्रह है कि वे इस सेवा का लाभ उठाएँ और अगर रिक्शा चालक मना करें तो शिकायत दर्ज कराएँ।

# बदलापुर के फ्लाईओवरों पर गड्ढों की भरमार

- अस्थायी मरम्मत के बाद भी गड्ढे जस के तस
- वाहन चालकों में रोष





**बदलापुर.** गणेशोत्सव में अब केवल कुछ दिन शेष हैं और घरेलू गणेशोत्सव और मंडलों की तैयारियाँ अंतिम चरण में हैं। कई मंडल गणेश प्रतिमाओं को बड़े गणपति मंडपों में ले जाने का प्रयास कर रहे हैं। हालाँकि, बदलापुर और अंबरनाथ शहर के फ्लाईओवर गड्ढों से भरे पड़े हैं। इस वजह से लोगों को यहाँ से आने-जाने में काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। गौरतलब है कि दोनों फ्लाईओवरों की अस्थायी मरम्मत का काम चल रहा है। हालाँकि, उसके बाद भी गड्ढे जस के तस बने हुए हैं, जिससे वाहन चालकों में रोष है।

बदलापुर शहर में पूर्व से पश्चिम की ओर जाने के लिए केवल एक ही फ्लाईओवर है। रेलवे स्टेशन के पास स्थित इस पुल के पास से भारी मात्रा में यातायात होता है। हालाँकि, पिछले कुछ दिनों से इस फ्लाईओवर पर बड़ी संख्या में गड्ढे हो गए हैं। इस वजह से यहाँ से वाहन धीमी गति से चलते हैं। परिणामस्वरूप, यहाँ ट्रैफ़िक जाम रहता है। पिछले कुछ दिनों से यहाँ ट्रैफ़िक पुलिस तैनात है। हालाँकि, वाहनों को आने-जाने में काफ़ी समय लग रहा है। पूर्व में फ्लाईओवर के प्रवेश द्वार पर ट्रैफ़िक जाम की समस्या को हल करने के लिए, कुछ दिन पहले यहाँ एक डिवाइडर लगाया गया था। इसके कारण, वाहनों का प्रवेश द्वार पर मुड़ना बंद हो गया। हालाँकि, फ्लाईओवर पर बने गड्ढों के कारण वाहनों को निकलने में समय लगता है। परिणामस्वरूप, ट्रैफ़िक जाम रहता है।

### अंबरनाथ में भी हालत बदतर

अंबरनाथ शहर में भी यही स्थिति है। अंबरनाथ शहर के फ्लाईओवर पर बड़ी संख्या में गड्ढे हैं। पूर्व दिशा में गड्ढों की संख्या ज़्यादा है। हुतात्मा चौक से आने के बाद, फ्लाईओवर के प्रवेश द्वार पर वाहन चालकों का स्वागत गड्ढों से होता है। इन गड्ढों की गहराई दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। चूँकि इनमें पानी जमा हो जाता है, इसलिए वाहन चालक गड्ढों का अनुमान नहीं लगा पाते। परिणामस्वरूप, वाहन यहाँ गड्ढों से टकरा जाते हैं। इससे वाहनों के पुर्जे क्षतिग्रस्त हो जाते हैं।

अगले कुछ दिनों में गणेशोत्सव शुरू होने वाला है। तैयारियाँ चल रही हैं। कई गणेश मंडल गणपति की मूर्तियों को मंडप में ले जाने की तैयारी कर रहे हैं। हालाँकि, गड्ढों के कारण गणेश भक्त यह सवाल उठा रहे हैं कि क्या गणेश जी भी इसी रास्ते से आएंगे। अंबरनाथ फ्लाईओवर की कई बार मरम्मत की जा चुकी है। फिर भी, गड्ढे अभी भी दिखाई देने से नागरिकों में रोष का माहौल है। दोनों शहरों के नागरिकों की माँग है कि गणेश उत्सव से पहले कम से कम सड़कें तो साफ़ कर दी जाएँ।

# अंबरनाथ के चार गद्दार नगरसेवकों को मनसे सबक सिखाएगा -अविनाश जाधव

उल्हास विकास संवाददाता



**अंबरनाथ.** अंबरनाथ में मनसे पक्ष छोड़कर शिवसेना शिंदे गुट में शामिल हुए मनसे के शहराध्यक्ष एवं तीन पूर्व नगरसेवकों पर जीवनभर गद्दारी का स्टैम्प लगा रहेगा. आगामी नगर परिषद के चुनाव में हम चारों का श्राद्ध करेंगे. उनको सबक सिखाएंगे.

मनसे के जिलाध्यक्ष अविनाश जाधव ने शुक्रवार को अंबरनाथ का दौरा करते समय पक्ष छोड़कर गए शहराध्यक्ष कुणाल भोईर, संदीप लकड़े, स्वप्निल बागुल और अपर्णा भोईर पर हल्ला बोलते हुए कहा कि अंबरनाथ शहर को जल्द ही नया मनसे शहराध्यक्ष मिलेगा. अविनाश जाधव ने मनसे के कार्यकर्ताओं से भेंट करके उनके मनोबल को बढ़ाया. चारों पर हमला करते हुए जाधव ने कहा कि इन लोगों को कपड़े पहनना नहीं आता था, वह आलीशान वाहनों में पक्ष के कारण घूमने लगे. राज ठाकरे को छोड़कर जाने वालों को हम अच्छा सबक सिखाएंगे, ऐसा उन्होंने कहा है. उस समय महाराष्ट्र मनसे के उपाध्यक्ष सचिन कदम, उल्हास भोईर, बंडू देशमुख, जिला उपाध्यक्ष शैलेष शिर्के, उल्हासनगर शहराध्यक्ष घुगे, बदलापुर शहराध्यक्ष निशांत मंडलीकर, अविनाश सुरसे एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे. वरिष्ठ नेताओं की इस भेंट के कारण मनसे कार्यकर्ताओं में नया जोश देखने को मिला. जाधव ने आखिर में कहा कि जो भी मनसे पक्ष से बाहर गया है, वह कभी भी तरक्की नहीं कर पाया है. जाधव ने पक्ष छोड़कर गए स्वप्निल बागुल पर आरोप लगाया कि वह एक महिला को तकलीफ दे रहे हैं. जरूरत पड़ी तो महिला को लेकर उसके खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराने के लिए मनसे अब आगे आएगी.

**जैसे पके हुए फलों को गिरने के सिवा कोई भय नहीं वैसे ही पैदा हुए मनुष्य को मृत्यु के सिवा कोई भय नहीं. – वाल्मीकि**

उल्हास विकास लोकप्रिय हिंदी दैनिक

संपादकीय

## फर्जी मेल या साजिश?

दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के स्कूलों को बम से उड़ाने की बार-बार धमकियां क्यों मिल रही है? विचित्र बात है कि ई-मेल से मिली धमकी की जांच पूरी भी नहीं होती कि एक और धमकी सामने आ जाती है। ई-मेल भेजने वालों तक पुलिस अब तक नहीं पहुंच सकी है। इससे साफ है कि हम डिजिटल भारत बनने का दम तो भरते हैं, लेकिन अब तक इस तरह के साइबर अपराधों पर लगाम लगाने में कामयाब नहीं हो पाए हैं।

बुधवार को ई-मेल से दोबारा मिली धमकी ने यह सवाल खड़ा कर दिया है कि क्या हमारी तकनीकी दक्षता में कमी है या सुरक्षा तंत्र में कोई खामी है। इस बार पचास स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी दी गई। ऐसी लगभग हर धमकी के बाद सुरक्षा एजेंसियां सघन तलाशी अभियान चलाती हैं, जिसमें उन्हें अफवाह पाया जाता है। गौरतलब है कि कुछ दिन पहले भी बत्तीस स्कूलों को इसी तरह ई-मेल भेज कर धमकी दी गई थी।

निश्चित तौर पर इन धमकियों से अभिभावकों की चिंता बढ़ जाती है। बच्चे भी नाहक तनाव में आ जाते हैं। इसकी गहराई से जांच किए जाने की जरूरत है कि इस तरह की अफवाह फैलाने के पीछे क्या कोई साजिश है या किसी संगठित गिरोह का कोई स्वार्थ है?

सही है कि ऐसी धमकियां अब तक झूठी साबित हुई हैं, लेकिन इसके सच होने की आशंका से एहतियात के तौर पर हर बार स्कूल परिसरों को खाली कराना अनिवार्य होता है। यह सुरक्षा एजेंसियों के लिए तो चुनौती होती ही है, वहीं स्कूल प्रशासन को भी संयम से सभी बच्चों की सुरक्षा करनी पड़ती है। इससे उनकी पढ़ाई का भी नुकसान होता है। हैरत की बात है कि दिल्ली पुलिस और अन्य सुरक्षा एजेंसियां हर बार मामले की छानबीन करती हैं, पर किसी नतीजे तक नहीं पहुंच पातीं। यह समझना मुश्किल है कि फर्जी ई-मेल भेजने वाले आरोपी तक पहुंचना इतना मुश्किल क्यों होता है।

पिछले वर्ष मई में भी तीन सौ स्कूलों को सामूहिक मेल भेजा गया था। वह कहां से आया, इसका पता आज तक नहीं चला। जबकि डिजिटल होती दुनिया में सरकारी तंत्र के लिए ऐसी धमकी भरे ईमेल भेजने वाले उसके स्रोत का पता लगाना मुश्किल नहीं होना चाहिए।

# निचले स्तर पर राजनीतिक व्यवहार, राहुल के झूठे दावे बेनकाब

देश की दूसरी सबसे बड़ी पार्टी कांग्रेस इन दिनों अपने शीर्ष नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में चुनाव आयोग जैसी संवैधानिक संस्था पर झूठे आरोप लगा रही है। वे उसके अधिकारियों के प्रति अमर्यादित भाषा का प्रयोग कर रहे हैं और निचले व्यवहार पर उतरकर उनके परिवार तक को निशाना बना रहे हैं। यह लोकतांत्रिक व्यवस्था में शर्मनाक है।

राहुल गांधी और उनकी पूरी पार्टी चुनाव आयोग तथा मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को चोर कहते हुए निशाना बना रही है। बिहार में वोटर अधिकार यात्रा के दौरान राहुल गांधी कह रहे हैं कि तीनों चुनाव आयुक्त सुन लें... एक दिन आएगा, जब बिहार और दिल्ली में हमारी सरकार होगी। फिर हम आप तीनों को देखेंगे, आपके खिलाफ कार्रवाई होगी। कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं के सोशल मीडिया हैंडल देख आप सन्न रह जाएंगे। राजनीति इतने नीचे स्तर पर गिर जाएगी, इसकी कल्पना किसी ने नहीं की होगी। नेता विपक्ष राहुल गांधी की राजनीति देश में डरावने दृश्य प्रस्तुत कर रही है। राहुल गांधी और कांग्रेस का यह व्यवहार पहली बार नहीं है। पिछले लगभग सात वर्षों से राहुल गांधी की राजनीति का एक स्थापित पैटर्न बन गया है।

राहुल गांधी पहले भी कई संस्थाओं को धमकी दे चुके हैं। वे प्रधानमंत्री का नाम लेकर सार्वजनिक रूप से ऐसा कह चुके हैं कि मोदी अब सड़कों पर निकलेगा तो लोग डंडों से पीटेंगे? उनके नेतृत्व में अब कांग्रेस ऐसी राजनीति कर रही है जिसमें मर्यादा,



पद की गरिमा, भाषा की शालीनता, व्यवहार का संतुलन तथा सच और झूठ के भेद के लिए कोई स्थान नहीं है। जैसे ही राहुल गांधी किसी को निशाना बनाते हैं, उनकी पूरी पार्टी उस व्यक्ति, अधिकारी या उनके खानदान को ढूंढ़ कर चरित्र हनन और बदनाम करने का अभियान चलने लगती है। डिजिटल मीडिया कई बार बहुत विषाक्त हो जाता है। इसकी अनदेखी न की जाए कि आपरेशन सिंदूर के दौरान विदेश सचिव विक्रम मिसरी को डिजिटल मीडिया पर किस तरह निशाना बनाया गया।

निम्न राजनीति पहले सामने वाले के विरुद्ध संदेह पैदा करने के लिए कथित तथ्य गढ़ती है, फिर नारे एवं मुहावरे बनाती है। अब वह संस्थाओं को भी निशाना बना रही है। इन दिनों संवैधानिक संस्था निर्वाचन आयोग इस राजनीति के निशाने पर है। आज पूरे देश के सामने प्रश्न है कि इस तरह के राजनीतिक व्यवहार का प्रतिकार कैसे हो?

राहुल गांधी मुख्य चुनाव आयुक्त सहित पूरे चुनाव आयोग को वोट चोर कह रहे हैं, लेकिन अपने आरोपों के पक्ष में कोई ठोस तथ्य नहीं दे रहे हैं। अब तो वे सार्वजनिक रूप से गलत साबित हो रहे हैं। गत दिनों बिहार में उनकी वोट अधिकार यात्रा के दौरान रोहतास जिले के नौहट्टा प्रखंड के एक गांव की रंजू देवी उनके सामने यह कहती देखी गईं कि उनका और परिवार के सभी छह लोगों का नाम मतदाता सूची से हटा दिया गया है। राहुल ने इसे वोट चोरी का मुद्दा बना दिया। बाद में उन्हीं रंजू देवी ने कहा कि मतदाता सूची में उनके परिवार के सभी लोगों के नाम हैं। उनके अनुसार वार्ड सचिव ने कहा था कि राहुल आ रहे हैं, उनके सामने बता देना कि हमारा नाम मतदाता सूची से कट गया है। उन्होंने माना कि वार्ड सचिव ने जैसा कहा, वैसा राहुल के सामने बोल दिया।

यह एक प्रसंग राहुल और वोट चोरी के आरोप लगाने वालों के लिए शर्म का विषय होना चाहिए। राहुल के महाराष्ट्र चुनाव संबंधी आरोप भी गलत साबित हो चुके हैं। बंबई उच्च न्यायालय संबंधित याचिका खारिज कर चुका है। महाराष्ट्र के रामटेक और देवली विधानसभा में लोकसभा चुनाव की तुलना में विधानसभा में क्रमशः 38.45 प्रतिशत तथा 36.82 प्रतिशत मतदाताओं की कमी का आंकड़ा भी गलत साबित हो गया। इसे 'सामने' लाने वाले सीएसडीएस के चुनाव विश्लेषक ने न केवल संबंधित पोस्ट को हटाया, बल्कि गलत उत्तर देने के लिए माफी भी मांगी। इसके बावजूद वोटर अधिकार यात्रा में राहुल गांधी के तेवर और भाषा देखकर लगता है कि उनका मुद्दा चुनाव आयोग या सत्ता प्रतिष्ठान नहीं, बल्कि कुछ और है। लगता है वे सब कुछ पहले से निर्धारित किसी योजना के अनुसार कर रहे हैं।



संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

**हमारा काम है नियमित रूप से रोजाना ध्यानाभ्यास करते रहना, जब तक कि हमें परिणाम न मिलने लगें।**

**- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज**

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक

# पैसों से जुड़े ऑनलाइन खेलों की काली दुनिया

इसमें कोई दोराय नहीं कि इंटरनेट के विस्तार के मौजूदा दौर में शायद ही कोई क्षेत्र बचा है, जिसमें इसकी भूमिका महत्त्वपूर्ण नहीं हो गई हो। मगर जितने व्यापक स्तर पर इसके सकारात्मक उपयोग का दायरा बढ़ा है, उसी के समांतर कुछ ऐसे क्षेत्र भी अपने पांव फैला रहे हैं, जो न केवल सामाजिक ढांचे को और आर्थिक रूप से नुकसान पहुंचा रहे हैं, बल्कि बड़ी संख्या में लोग मनोवैज्ञानिक रूप से भी बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं।

'ऑनलाइन रियल मनी गेमिंग' यानी धन आधारित ऑनलाइन खेल एक ऐसा ही चलन है, जिसने अब मनोरंजन की सीमा को पार करते हुए पैसे कमाने के लालच से उपजी लत और आर्थिक नुकसान का जटिल स्वरूप ग्रहण कर लिया है। भारी तादाद में लोग इसके जाल में फंस रहे हैं और अपनी मेहनत की कमाई गंवा रहे हैं। इसे लेकर पिछले काफी समय से चिंता जताई जा रही है, लेकिन सरकार ने इस पर लगाम लगाने या इसे विनियमित करने के बजाय इसके दूरगामी असर की अनदेखी की। इसके नतीजे अब खुल कर सबके सामने आ रहे हैं और चिंता की वजह बन रहे हैं।

इसकी वजह से होने वाले नुकसान का दायरा व्यापक होते जाने के बाद अब जाकर खुद सरकार ने भी माना है कि



'ऑनलाइन रियल मनी गेमिंग' समाज के लिए एक बड़ी समस्या बन चुकी है और इस पर लगाम लगाना वक्त की जरूरत है। अनुमान यह लगाया गया है कि धन-आधारित ऑनलाइन खेलों के चक्कर में करीब पैंतालीस करोड़ लोग हर वर्ष लगभग बीस हजार करोड़ रुपए गंवा देते हैं।

इसकी लत की वजह से अब तक सैकड़ों परिवार आर्थिक रूप से बर्बाद हो चुके हैं। त्रासद पक्ष यह भी है कि इस लत की वजह से ऑनलाइन खेलों के जरिए लोग पैसे कमाने की भूख में लगातार हारते जाते हैं और बाद में कई लोग आत्महत्या और हिंसा जैसा गंभीर कदम भी उठा लेते हैं। इसके नुकसानों को लेकर चिंता पहले भी जताई जाती रही है, अब देर से सही, लेकिन सरकार ने गेमिंग उद्योग के एक हिस्से से मिलने वाले राजस्व के सवाल को फिलहाल पीछे छोड़ते हुए समाज कल्याण को प्राथमिकता देना तय किया है। इस क्रम में ऑनलाइन गेम को विनियमित करने एवं शैक्षिक और सामाजिक आनलाइन खेलों को बढ़ावा देने वाले एक विधेयक को लोकसभा में पारित कर दिया गया है।

सही है कि सरकार आज धन आधारित ऑनलाइन गेमिंग को एक बड़ी बुराई बताते हुए इससे बचने की जरूरत बता रही है, मगर अफसोस की बात यह है कि जब ऐसे कथित खेल लोगों के बीच अपनी जगह बना रहे थे, उन्हें समाज से काट रहे थे और इसके बहुस्तरीय नकारात्मक नतीजे सामने आने लगे थे, तब इसके प्रति जताई जाने वाली फिक्र की अनदेखी की गई।

अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि खुद सरकार ने 2023 में पैसे से जुड़े ऑनलाइन गेमिंग पर अट्ठाईस फीसद जीएसटी भी लगाया था। जबकि यह छिपा नहीं है कि ऑनलाइन गेमों की लत की वजह से कितने युवाओं के सोचने-समझने की प्रक्रिया में तेजी से बदलाव आया है। कई ऐसी खबरें भी आ चुकी हैं, जिनमें लगातार ऑनलाइन गेम खेलते रहने से मना करने पर कोई किशोर हिंसक हो गया और उसने या तो आत्महत्या कर ली या फिर किसी की जान ले ली। इसलिए इसके मनोवैज्ञानिक पहलुओं को भी समझने की जरूरत है। धन-आधारित ऑनलाइन गेम को वैसे भी व्यवहार में जुए से अलग रूप में देखना मुश्किल है।

# गधे को बुलाया भोज पर, गुलाब जामुन खिलाया

**जरा हट के**

राजस्थान में मॉनसून का सीजन चल रहा है. प्रदेश के कई इलाकों में लगातार बारिश हो रही है, जबकि कुछ जगहों पर बारिश रुक-रुक कर या बहुत कम हो रही है. बारिश की कमी के कारण किसान चिंतित नजर आ रहे हैं. बारिश नहीं होने के कारण किसान भगवान इंद्र को प्रसन्न करने के लिए विभिन्न प्रयास कर रहे हैं.

ऐसा ही एक दृश्य झालावाड़ जिले के चौमह ला-गंगधार क्षेत्र में देखने को मिला. यहां अच्छी बारिश की कामना के लिए एक अनोखा टोटका चर्चा का विषय बन गया है, जिसमें ग्रामीणों ने गधे को दावत पर बुलाया. गांव के पटेल ने गधे पर उल्टा बैठकर श्मशान के सात चक्कर लगाए और बारिश की कामना की.

स्थानीय ग्रामीण दिलीप मोरी और किसान संजय राठौर ने बताया कि बारिश न होने पर गांव के मुखिया, जिसे पटेल भी कहते हैं और पंडितों से राय ली जाती है. इसके बाद अच्छा मुहूर्त देखकर गधे की माला और तिलक लगाकर आरती उतारी जाती है. फिर गधे को गुलाब जामुन या मिठाई खिलाने की परंपरा सालों से चली आ रही है.



मान्यता है कि गधे को गुलाब जामुन खिलाकर पटेल या मुखिया को गधे पर उल्टा बैठाकर श्मशान के चक्कर लगाने से क्षेत्र में अच्छी बारिश होती है. इस टोटके से बारिश के देवता इंद्रदेव प्रसन्न होते हैं. गंगधार के दिलीप मोरी ने बताया कि वह बचपन से ही बारिश की कमी होने पर इस तरह का टोटका देखते आ रहे हैं. उन्होंने बताया कि उनकी उम्र 45 साल है और यह प्रथा बुजुर्गों की देन है.

झालावाड़ जिले की गंगधार तहसील में ग्रामीणों ने बारिश न होने पर इंद्रदेव को प्रसन्न करने के लिए गधे को दावत पर बुलाया. गधे की माला पहनाकर, तिलक कर आरती उतारी गई और गुलाब जामुन खिलाए गए. मान्यता है कि गधे को गुलाब जामुन खिलाने और श्मशान के चक्कर लगवाने से इंद्रदेव प्रसन्न होते हैं और अच्छी बारिश होती है.

खाना-खजाना

# नारियल के लड्डू

27 अगस्त से गणेश चतुर्थी की शुरुआत हो रही है। 10 दिनों तक बप्पा की पूजा अर्चना की जाती है। साथ ही उन्हें भोग लगाया जाता है। अगर आप भी बप्पा को प्रसन्न करना चाहते हैं तो इस रेसिपी से नारियल का लड्डू बना सकते हैं।



**सामग्री :**

- ताजा कसा हुआ नारियल दो कप (या सूखा नारियल पाउडर)
- कंडेंस्ड मिल्क एक कप
- इलायची पाउडर आधा चम्मच
- घी एक चम्मच
- सजाने के लिए थोड़ा सा नारियल बुरादा

**विधि :**

सबसे पहले एक पैन में घी गरम करें।

इसके बाद इसमें कसा हुआ नारियल डालकर हल्का सा भून लें। अब इसमें कंडेंस्ड मिल्क डालें और लगातार चलाते हुए मिक्स करें।

इसे धीमी आंच पर पांच मिनट तक पकाएं जब तक ये गाढ़ा न हो जाए और पैन न छोड़ने लगे।

अब इलायची पाउडर डालकर मिला लें और गैस बंद कर दें।

जब मिश्रण हल्का ठंडा हो जाए, तब हाथ में थोड़ा घी लगाकर छोटे-छोटे लड्डू बना लें।

इन्हें ऊपर से नारियल बुरादे में लपेट दें।

इन्हें एयरटाइट डिब्बे में भरकर हफ्ते भर तक रखा जा सकता है।

# हफ्ते-हफ्ते तक साफ नहीं होता पेट

### सिर्फ 3 उपाय कीजिए

आज शायद ही कोई ऐसा वयस्क होगा जिसे पेट से संबंधित समस्याएं न हो. किसी को पेट फूलने की समस्या तो किसी को कब्ज की समस्या तो किसी को गैस और बदहजमी की समस्या. हर कोई पेट से जुड़ी किसी न किसी समस्याओं से ग्रस्त रहते हैं. लेकिन पेट हमारा वो अंग है जिसपर हमारा पूरा जीवन टिका है. पेट अगर सही हो तो हमें सही से पोषक तत्व मिलता है. हमारा मेटाबोलिज्म सही से होता है और हमारे शरीर के अंदर पूरी प्रक्रिया सही से होती है. लेकिन अगर पेट सही न हो तो जिंदगी दूभर हो जाती है. ऐसे में परमपूज्य प्रेमानंद जी महाराज ने 3 मामूली नुस्खे बताए हैं. इन नुस्खे को आजमाया जाए तो हमेशा आपका पेट साफ रहेगा.

### पेट साफ करने का पहला नियम

संत प्रेमानंद महाराज बताते हैं कि भोजन अमृत भी है और जहर भी. आप इसे किस तरह लेते हैं, इसी में इसका परिणाम छुपा है. अगर आप रसेंद्रियों के वशीभूत होकर कुछ भी खाते रहते हैं तो इससे आपका पेट कभी साफ नहीं रहेगा. गरिष्ठ भोजन आपके पट को खराब करेगा. साथ ही मन को भी खराब करेगा. इसलिए पेट को साफ करने का सबसे पहला नियम है कि पेट में जितनी जगह है, उसमें आधे हिस्से को भोजन से भरें. इसके बाद जो आधा बच जाता है उसमें आधे को पानी से भरें और आखिर में आधे का आधा जो बच जाता है उसमें खाली छोड़ दें ताकि वायु



अपना काम कर सके. इसका सीधा सा मतलब ज्यादा खाना न खाएं. जितनी भूख हो उससे कम खाएं और पौष्टिक खाएं.

### अगर पेट साफ न हो तो क्या करें

संत प्रेमानंद महाराज जी कहते हैं कि अगर आप सात्विक भोजन करेंगे तो इस बात की पूरी उम्मीद है कि आपका पेट साफ होगा ही. लेकिन अगर किसी कारण पेट साफ नहीं हो पा रहा है तो इसके लिए शास्त्रो में दिए गए उपाय है. इसके लिए आप सुबह उठें तो सबसे पहले गुनगुना पानी को धीरे-धीरे पिएं. इसके बाद व्यायाम करें और योग करें. इसके बाद रात में गर्म पानी कर लें और उसमें छोटी हरड़ को मिला दें और इसे गुनगुना कर पी जाएं. कुछ दिन ऐसा करें एकदम पेट साफ हो जाएगा. हरड़ के अलावा आप इसबगोल की भूसी को पानी में मिलाकर पी सकते हैं. ऐसा एक महीने तक करें. निश्चित रूप से पेट साफ हो जाएगा. इन दिनों में कम से कम रोत 3 लिटर पानी पिएं. रोज सुबह में शौच करने के बाद आधा लिटर गुनगुना पानी पिएं. हालांकि ध्यान रखें. सात्विक भोजन नहीं करेंगे तो इसका कोई फायदा नहीं है. सात्विक भोजन में आप साग-सब्जी का सेवन ज्यादा करें. इसके बाद रोज व्यायाम करें. जितना पैदल चलेंगे उतना फायदा होगा.

### पेट खराब ही न हो, इसके लिए क्या करें

अगर पेट खराब हो जाए तो उपर बता ही दिया गया है कि क्या करें लेकिन पेट कभी खराब ही न हो, इसके लिए क्या करना चाहिए. प्रेमानंद महाराज बताते हैं कि हर रोज सुबह उठकर वज्रासन मुद्रा में बैठ जाएं. 10 से 15 मिनट तक इसी मुद्रा में बैठे रहें और धीरे-धीरे पानी पिएं. इसके बाद आपका पेट खुलकर साफ हो जाएगा. इसके बाद व्यायाम करें और फिर अंकुरित चीजों से नाश्ता करें और दिन में सात्विक भोजन करें. गरिष्ठ भोजन न करें. अगर आप इस नियम को अपनाते हैं तो पेट खराब होने की नौबत ही नहीं आएगी. यह भी ध्यान रखें कि दिन में कम से कम तीन लिटर पानी अवश्य पिएं. पानी पर्याप्त पिएंगे तो आंतों में गंदगी बनेगी ही नहीं.

## आज का राशिफल

**मेष :** मेहनत का फल मिलेगा। सामाजिक कार्य करने में रुचि रहेगी। मान-सम्मान मिलेगा। कारोबार मनोनुकूल लाभ देगा। किसी प्रभावशाली व्यक्ति से परिचय बढ़ेगा। शारीरिक कष्ट संभव है। अज्ञात भय सताएगा। चिंता तथा तनाव रहेंगे। किसी मनोरंजक यात्रा की योजना बनेगी। बुरे लोगों से दूर रहें।

**वृषभ :** दूर से सुखद सूचना मिल सकती है। घर में मेहमानों का आगमन होगा। व्यय होगा। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। बड़ा काम करने का मन बनेगा। परिवार का सहयोग मिलेगा। प्रसन्नता रहेगी। बुद्धि का प्रयोग करें। लाभ बढ़ेगा। मित्रों के साथ अच्छा समय बीतेगा।

**मिथुन :** नवीन वस्त्राभूषण की प्राप्ति पर व्यय होगा। यात्रा मनोरंजक रहेगी। भाइयों का सहयोग प्राप्त होगा। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। घर-बाहर प्रसन्नता का वातावरण रहेगा। नए मित्र बनेंगे। नया उपक्रम प्रारंभ करने की योजना बन सकती है। व्यवसाय लाभदायक रहेगा। शुभ समय।

**कर्क :** पारिवारिक चिंता बनी रहेगी। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है। विवाद को बढ़ावा न दें। किसी व्यक्ति के उकसाने में न आएं। कोई भी महत्वपूर्ण निर्णय भावना में बहकर न करें। बुद्धि का प्रयोग लाभ में वृद्धि करेगा। आय बनी रहेगी। थकान महसूस होगी।

**सिंह :** परिवार तथा मित्रों के साथ कोई मनोरंजक यात्रा का आयोजन हो सकता है। रुका हुआ पैसा मिलने का योग है। मित्रों के सहयोग से कार्य पूर्ण होंगे। नया कार्य प्रारंभ करने की योजना बनेगी। नौकरी में उच्चाधिकारी की प्रशंसा प्राप्त होगी। समय अनुकूल है। आलस्य त्यागकर प्रयास करें।

**कन्या :** कार्यस्थल पर परिवर्तन संभव है। योजना फलीभूत होगी। कारोबार में वृद्धि पर विचार हो सकता है। नौकरी में अधिकारीगण प्रसन्न रहेंगे। मातहतों का सहयोग मिलेगा। पारिवारिक चिंता बनी रहेगी। व्यापार में मनोनुकूल लाभ होगा। उत्साह व प्रसन्नता रहेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। शुभ समय।

**तुला :** किसी धार्मिक स्थल की यात्रा की आयोजना हो सकती है। सत्संग का लाभ मिलेगा। पारिवारिक सहयोग मिलेगा। घर-बाहर सुख-शांति रहेगी। किसी प्रभावशाली व्यक्ति का मार्गदर्शन सहायता प्राप्त होगी। धन प्राप्ति में बाधाएं दूर होंगी। ऐश्वर्य के साधनों पर बड़ा व्यय हो सकता है।

**वृश्चिक :** चोट व दुर्घटना से हानि संभव है। लापरवाही न करें। किसी व्यक्ति से व्यर्थ विवाद हो सकता है। मानसिक क्लेश होगा। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। चिंता तथा तनाव रहेंगे। आय में कमी हो सकती है। व्यापार ठीक चलेगा। लोगों से अधिक अपेक्षा न करें।

**धनु :** जल्दबाजी से काम बिगड़ेंगे तथा समस्या बढ़ सकती है। विरोध होगा। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। बाहर जाने की योजना बनेगी। किसी वरिष्ठ व्यक्ति का सहयोग कार्य में आसानी देगा। घर-बाहर सुख-शांति बने रहेंगे। नौकरी में चैन रहेगा। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा।

**मकर :** भूमि, भवन, दुकान, शोरूम व फैक्टरी इत्यादि की खरीद-फरोख्त हो सकती है। बड़े सौदे बड़ा लाभ दे सकते हैं। भाग्योन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। विवाद को बढ़ावा न दें। कुसंगति से बचें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। धन प्राप्ति सुगम होगी। मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी।

**कुंभ :** कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। पार्टी व पिकनिक का कार्यक्रम बन सकता है। कोई मांगलिक कार्य में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद प्राप्त होगा। मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा। परिवार में प्रसन्नता रहेगी। जल्दबाजी से हानि संभव है। शरीर कष्ट से बचें।

**मीन :** दूसरे से अधिक अपेक्षा करेंगे। जल्दबाजी से काम में बाधा उत्पन्न होगी। दौड़धूप अधिक रहेगी। बुरी सूचना मिल सकती है, धैर्य रखें। बनते कामों में देरी होगी। चिंता तथा तनाव रहेंगे। मित्रों के साथ समय अच्छा व्यतीत होगा। नौकरी में कार्यभार रहेगा। आय में निश्चितता रहेगी।

-ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

# MRI और CT Scan में क्या अंतर होता है?

### कब पड़ती है इन दोनों स्कैन की जरूरत

शरीर के ऊपर कोई चोट लग जाए या बीमारी हो जाए, तो उसका पता आसानी से लग जाता है. हालांकि जब कोई चोट शरीर के अंदर लग जाए या बीमारी पैदा हो जाए, तो उसका पता लगाने के लिए कई तरह के टेस्ट और स्कैन कराने पड़ते हैं. आजकल शरीर की अंदरूनी समस्याओं का पता लगाने के लिए CT Scan और MRI का इस्तेमाल किया जाता है. अक्सर लोग एमआरआई और सीटी स्कैन को लेकर कंफ्यूज रहते हैं कि दोनों में क्या अंतर है. कई लोग तो दोनों स्कैन को एक ही समझ लेते हैं. चलिए इस बारे में डॉक्टर से जरूरी बातें समझ लेते हैं.

नई दिल्ली के सर गंगाराम हॉस्पिटल के प्रिवेंटिव हेल्थ एंड वेलनेस डिपार्टमेंट की डायरेक्टर डॉ. सोनिया रावत ने बताया कि MRI का पूरा नाम मैग्नेटिक रेजोनेंस इमेजिंग है. इसमें मैग्नेटिक फील्ड और रेडियो वेव्स का यूज किया जाता है. इस स्कैन से शरीर के अंदर के ऑर्गन्स की इमेज मिल जाती हैं. MRI से शरीर के सॉफ्ट टिशू जैसे- ब्रेन, रीढ़ की हड्डी, लिगामेंट, मांसपेशियां और ट्यूमर की क्लीयर पिक्चर मिलती है. इस




स्कैन में कोई रेडिएशन नहीं होता है, इसलिए यह सुरक्षित माना जाती है. कुछ मामलों में गर्भवती महिलाओं और बच्चों के लिए भी यह प्रिस्क्राइब किया जाता है.

डॉक्टर रावत के मुताबिक CT स्कैन का पूरा नाम कंप्यूटेड टोमोग्राफी है. यह X-ray तकनीक पर आधारित होता है, जिसमें शरीर के अलग-अलग एंगल से ली गई X-ray इमेजेस को कंप्यूटर द्वारा जोड़कर 3D इमेज बनाई जाती है. यह टेस्ट हड्डियों, फेफड़ों, खून की नसों और अंदरूनी चोटों का पता लगाने में ज्यादा प्रभावी होता है. इसमें हल्की मात्रा में रेडिएशन का इस्तेमाल होता है. इसलिए सेंसिटिव मामलों में इसके बजाय MRI स्कैन कराया जाता है.

एक्सपर्ट ने बताया कि MRI में मैग्नेटिक वेव्स उपयोग होती हैं, जबकि CT स्कैन में X-ray रेडिएशन का इस्तेमाल होता है. MRI सॉफ्ट टिशू की क्लीयर इमेज को दिखाता है, जबकि CT स्कैन हड्डियों और हार्ड टिशू के लिए ज्यादा सटीक होता है. MRI की प्रक्रिया ज्यादा समय लेती है और इसमें 30 मिनट से 1 घंटा लगता है. वहीं CT स्कैन कुछ ही मिनटों में हो जाता है. कुछ मामलों में दोनों ही स्कैन कराने पड़ते हैं, तब जाकर परेशानी का पता चल पाता है.

डॉक्टर MRI तब करवाते हैं, जब किसी को न्यूरोलॉजिकल समस्या हो या मसल्स, लिगामेंट, जॉइंट की गहरी चोट हो. वहीं CT स्कैन का इस्तेमाल सिर पर चोट, फ्रैक्चर, फेफड़ों के रोग, आंतरिक ब्लीडिंग या कैंसर की जांच के लिए किया जाता है. कुछ मामलों में डॉक्टर दोनों स्कैन की जरूरत बताते हैं. CT स्कैन में रेडिएशन होता है, जिससे बार-बार कराना नुकसानदायक हो सकता है. हालांकि एक या दो बार करवाने से कोई बड़ा खतरा नहीं होता है. MRI में रेडिएशन नहीं होता है, लेकिन अगर मरीज के शरीर में पेसमेकर, मेटल का कोई चीज या इम्प्लांट हो तो MRI से परेशानी हो सकती है. इन दोनों जांचों से पहले डॉक्टर को सभी मेडिकल कंडीशन्स बताना जरूरी होता है.

# दीमक मारने के घरेलू उपाय

- आप मार्केट से नीम का तेल खरीद कर लाएं. यदि आपके घर में दीमक किसी फर्नीचर, लकड़ी के दरवाजे में नया-नया लगना शुरू हुआ है तो आप तुरंत ही नीम का तेल स्प्रे कर दें.
- फिटकरी काफी लोग अपने घर में रखते हैं. कई लोग दाढ़ी बनाने के बाद फिटकरी लगाते हैं. इसी फिटकरी को पीसकर पानी में मिक्स करके घोल तैयार करें. इसे स्प्रे बॉटल में डालकर दीमक वाली जगह पर छिड़काव करें. फिटकरी की गंध तेज होती है, जिससे दीमक तो क्या अन्य कीड़े-मकोड़े भी भाग जाएंगे.
- नमक का इस्तेमाल तो आप हर दिन खाना बनाने में करते हैं. इसी नमक का एक बोतल पानी में दो-तीन बड़े चम्मच डालकर मिक्स कर लें. इसे दीमक वाली जगह पर स्प्रे करें. रेगुलर इस नमक वाले पानी को छिड़कने से दीमक मर जाएगा.
- बोरिक एसिड भी कीट-पतंगों को मारने या घर से दूर रखने में बेहद प्रभावी माना जाता है. बोरिक एसिड दीमक पर पड़ते ही वह इसके संपर्क में आते ही मर जाती है.



- करेले का रस आपको जिस तरह से नहीं भाता है, वैसे ही दीमक भी इसके कड़वे स्वाद और गंध को पसंद नहीं करती है. बिना पानी मिक्स करेले के रस को स्प्रे बॉटल में भरकर दीमक पर छिड़काव करें. इससे ये जल्दी नहीं बढ़ेगी. इन सभी केमिकल फ्री उपायों को आजमाकर देखिए, फायदा जरूर होगा.

### दीमक के अंडों का सफाया कैसे करें?

दीमक के अंडों को नष्ट करने और भविष्य में संक्रमण से बचाव के लिए कुछ आसान से घरेलू नुस्खे आजमा सकते हैं. डायरेक्ट मेथड में आप हीट ट्रीटमेंट या ऑरेंज ऑयल का उपयोग करके मौजूदा अंडों और बड़े हो चुके दीमकों को मार सकते हैं. आप प्राकृतिक विकल्प में बोरिक एसिड, नीम के तेल का घोल, सिरके का घोल आदि डाल सकते हैं. इससे पूरे दीमक के अंडे, लार्वा मर जाएंगे. यदि संभव हो, तो दीमक लगी लकड़ी को अपने घर से हटा दें और उसे सही तरीके से नष्ट कर दें ताकि दीमक की कालोनियों को समाप्त किया जा सके.

उपरोक्त लेखों में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## खबरें गांव की...

### पंचायत के बाद ससुराल लौटी विवाहिता की संदिग्ध हालत मौत, 3 महीने पहले हुई थी शादी

**गोरखपुर.** गोरखपुर से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। जहां शनिवार की सुबह एक नव विवाहिता का शव उसके कमरे में बेड पर संदिग्ध परिस्थितियों में मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के मुताबिक शुक्रवार को महिला थाने में पंचायत के बाद विदा कराकर ससुराल के लोग ले गए थे और शनिवार को विवाहिता की उसकी मौत हो गई। खोराबा क्षेत्र के रहने नौवा अव्वल के रहने वाले महेंद्र गुप्ता ने 23 वर्षीय बेटी संध्या गुप्ता की शादी 3 मई 2025 को गुलरिहा क्षेत्र के जंगल नाकिन छोटका टोला के रहने वाले अवनीश गुप्ता से की थी। शादी के बाद पति-पत्नी के बीच संबंध ठीक नहीं चल रहा था। इस वजह से संध्या अक्सर मायके में रहती थी। शुक्रवार को महिला थाने में लड़का व लड़की पक्ष की पंचायत हुई और लड़की को युवक विदा कराकर अपने घर ले गया था, शनिवार की सुबह संध्या का शव बेड पर पड़ा मिला, वही कमरे का दरवाजा खुला था। सुबह मृतका के ससुराल पक्ष ने डायल 112 नंबर पर पुलिस को सूचना दी।

### पिता को दिखाया बेटी से मारपीट का लाइव वीडियो, कुछ घंटे बाद मौत

कानपुर में एक विवाहिता के साथ ससुरालियों ने जुल्म की इंतहा कर दी। विवाहिता के पिता को कॉल कर बेटी से मारपीट का लाइव वीडियो दिखाया। पिता से यह भी कहा कि बेटी को बचा सको तो बचा लो। परेशान पिता तत्काल बेटी के ससुराल पहुंचे तो देर हो चुकी थी। बेटी का शव फांसी के फंदे पर लटक रहा था। पिता और परिजनों ने ससुरालियों पर हत्या कर शव को लटकाने का आरोप लगाते हुए हंगामा कर दिया। केशवपुरम के अशोक वाटिका चौराहे के पास शव रखकर पुलिस के खिलाफ नारेबाजी की। इस दौरान बहन की मौत से आहत भाई ने आत्मदाह का भी प्रयास किया। मौके पर मौजूद एडीसीपी वेस्ट ने परिजनों को समझाने का प्रयास किया। इसके बाद भी घंटों लोग सड़क पर ही जमे रहे। पनकी थाने में तैनात होमगार्ड रामप्रसाद ने दो साल पहले अपनी बेटी पूजा की शादी बारासिरोही निवासी हिमांशु तिवारी के साथ की थी। शादी के बाद से ही प्लॉट और बुलेट की मांग को लेकर ससुरालियों ने पूजा को प्रताड़ित कर रहे थे। शुक्रवार को पूजा का शव संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटका मिला। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था।

### गड़ासे से मां की हत्या करने वाला बेटा गिरफ्तार

**आजमगढ़.** आजमगढ़ के अतरौलिया क्षेत्र के अचलीपुर गांव में गुरुवार को मां की हत्या कर फरार बेटे प्रणव कुमार पांडेय शुक्रवार सुबह पुलिस के हत्थे चढ़ गया। पुलिस ने 24 घंटे में ही बड़ा एक्शन लेते हुए उसे अतरौलिया स्थित अस्पताल के पास गिरफ्तार किया। उसकी निशानदेही पर वारदात में प्रयुक्त गड़ासा बरामद कर लिया गया। मकान बंटवारे के विवाद में प्रणव ने गड़ासे वार कर अपनी मां विजयाकांति देवी की हत्या कर दी थी। वारदात को अंजाम देने के बाद वह फरार हो गया। मृतका के छोटे बेटे प्रवीण कुमार पांडेय ने हत्यारोपी भाई के खिलाफ अतरौलिया थाने में मुकदमा दर्ज कराया। घटनाक्रम को लेकर लोगों में चर्चा है। बता दें कि अचलीपुर गांव में गुरुवार सुबह संपत्ति विवाद में बेटे ने गड़ासे से गला काटकर मां की हत्या कर दी। वारदात को अंजाम देने के बाद वह फरार हो गया था। मृतका के छोटे बेटे की तहरीर पर पुलिस ने हत्या की रिपोर्ट दर्ज की थी।

# भाजपा में नए राष्ट्रीय अध्यक्ष पर मंथन तेज

- 100 से ज्यादा सीनियर नेताओं से चर्चा
- बिहार चुनाव से पहले बदलेगी पार्टी की लीडरशिप

**नई दिल्ली.** बिहार विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा में बड़ा संगठनात्मक फेरबदल होने की उम्मीद है। भाजपा चाहती है कि चुनाव नए राष्ट्रीय अध्यक्ष के नेतृत्व में लड़ा जाए। मौजूदा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा को पहले ही दो बार विस्तार मिल चुका है। अब जल्द नया चेहरा लाने की तैयारी है।

NDIV की खबर के मुताबिक, अध्यक्ष के चयन में इतनी देरी 3 कारणों से चलते हुई है। पहला RSS और भाजपा नेताओं ने अब तक 100 से ज्यादा सीनियर लीडर्स से राय ली है। इनमें पूर्व अध्यक्ष, केंद्रीय मंत्री और संवैधानिक पदों



पर रहे नेता शामिल हैं।

दूसरा हाल ही में जगदीप धनखड़ के अचानक इस्तीफे के बाद 9 सितंबर को उपराष्ट्रपति चुनाव होना है। भाजपा चाहता है कि उसके उम्मीदवार महाराष्ट्र के राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन को बड़ी जीत मिले। इसी वजह से पूरा फोकस फिलहाल इस चुनाव पर है।

पार्टी संविधान के मुताबिक, राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव तभी हो सकता है जब कम से कम 19 राज्य इकाइयों में निर्वाचित अध्यक्ष हों। अभी यूपी, गुजरात, कर्नाटक समेत 7 राज्यों में चुनाव अध्यक्ष का चुनाव होना बाकी है।

### बिहार में बड़ी जीत चाह रही भाजपा

सोर्स के मुताबिक, बिहार विधानसभा चुनाव में भाजपा बड़ी जीत चाह रही है। पार्टी चाहती है कि नया अध्यक्ष बिहार चुनाव से पहले संगठन को मजबूती दे।

### कार्यकर्ताओं में असंतोष दूर करने पार्टी का नया फॉर्मूला

पार्टी कार्यकर्ताओं में यह नाराजगी रही है कि दूसरे दलों से आए नेताओं को बड़े पद मिल रहे हैं, जबकि पुराने कार्यकर्ताओं की उपेक्षा हो रही है। इसके लिए

इसके चलते पार्टी का नया फॉर्मूला निकाला है, जिसके तहत मंडल अध्यक्ष 40 साल से कम उम्र का होगा, जिला और राज्य अध्यक्ष वही बनेगा, जो कम से कम 10 साल से पार्टी का सक्रिय सदस्य हो।

### ममता की पार्टी बोली- JPC तमाशा

**कोलकाता.** ममता बनर्जी की पार्टी टीएमसी ने गिरफ्तार PM-CM और मंत्रियों को हटाने वाले बिल समेत तीन विधेयकों पर विचार के लिए बनाई गई JPC को तमाशा बताया है। पार्टी ने कहा कि वह इसमें कोई सदस्य नहीं भेजेगी।

सरकार ने मानसून सत्र में केंद्र शासित प्रदेश सरकार (संशोधन) विधेयक 2025, संविधान (एक सौ तीसवां संशोधन) विधेयक 2025 और जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक 2025 को पेश किया था।

दोनों सदनों ने इन विधेयकों को एक जॉइंट पार्लियामेंट्री कमेटी (JPC) को भेजने का प्रस्ताव पारित किया, जिसमें लोकसभा के 21 और राज्यसभा के 10 सदस्य शामिल होंगे। समिति शीतकालीन सत्र में अपनी रिपोर्ट सौंपेगी। लोकसभा में, जब केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह विधेयक पेश करने के लिए आगे बढ़े, तो हंगामा मच गया, विधेयकों की प्रतियां फाड़कर अमित शाह पर फेंकी गईं थीं। इन बिलों के मुताबिक कोई भी व्यक्ति गिरफ्तार होकर जेल से प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, केन्द्र या राज्य सरकार के मंत्री के रूप में शासन नहीं चला सकता है।

# कोल्हापुर में दो गुटों में हिंसक झड़प



- दो गाड़ियां तोड़ डालीं
- 10 से ज्यादा घायल

**कोल्हापुर.** महाराष्ट्र के कोल्हापुर में दो गुटों के टकराव में 10 लोग घायल हो गए। यह घटना सिद्धार्थनगर इलाके में हुई। देखते ही देखते झगड़ा काफी ज्यादा बढ़ गया। इसके बाद वहां पर पत्थरबाजी और तोड़फोड़ होने लगी।

इस घटना में कई लोग घायल हो गए। यह घटना उस वक्त हुई जब राजेबगस्वर फुटबॉल क्लब की 31वीं सालगिरह मनाने के लिए आयोजन हुआ था। इसके लिए यहां पर बैनर, पोस्टर्स और साउंड सिस्टम लगाए गए थे। इन चीजों ने स्थानीय लोगों में गुस्सा भर दिया। लोगों का आरोप था कि इन चीजों से परेशानी हो रही है।

जब स्थानीय लोगों ने इस आयोजन का विरोध किया तो झगड़ा बढ़ गया। इन लोगों के बीच बहस शुरू हुई और फिर तोड़फोड़ होने लगी। रात 10 बजे तक, दोनों तरफ से भारी संख्या में पथराव हुआ। दो कारों को आग लगा दी गई, जबकि ऑटो और खड़ी कारों सहित लगभग आठ से नौ वाहनों में तोड़फोड़ की गई। घटनास्थल पर मौजूद चश्मदीदों ने बताया कि पत्थरों से गाड़ियों के शीशे टूट गए थे और मलबा अंदर बिखरा हुआ था। हंगामे के दौरान सड़क किनारे का पार्किंग क्षेत्र पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया था।

# भारत से हो रहा भेदभाव, कोई समझौता नहीं

- एस. जयशंकर ने टैरिफ पर ट्रंप को खूब सुनाया

**नई दिल्ली.** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अमेरिकी टैरिफ पर ट्रंप को जमकर सुनाया है। रूसी तेल खरीदने के लिए भारत पर लगाए गए 50 फीसदी टैरिफ को जयशंकर ने पूरी तरह से गलत बताया है। इकोनॉमिक टाइम्स वर्ल्ड लीडर्स फोरम-2025 में बोलते हुए कहा कि भारत की प्राथमिकता अपने किसानों और छोटे उत्पादकों के हितों की रक्षा है। जयशंकर ने इस बात पर जोर दिया कि भारत अपने



हितों को लेकर कोई समझौता नहीं करते वाला है।

### सीमा नहीं पार होनी चाहिए

जयशंकर ने कहा कि कुछ सीमाए हैं, जिनका पालन करना होगा। हमारे लिए मुख्य तौर पर हमारे किसान और छोटे उत्पादक अहम हैं। इस मामले में हम पीछे नहीं हअ सकते। उन्होंने कहा कि कुछ लोग हमारे सफल या अफसल होने की बात कह सकते हैं। लेकिन बतौर सरकार हम अपने किसानों और छोटे उत्पादकों के हितों की रक्षा के लिए अडिग हैं। हम इसको लेकर दृढ़ हैं। जयशंकर ने कहा कि यह कुछ ऐसा है, जिस पर हम समझौता नहीं कर सकते।

### टैरिफ और तेल विवाद

एस जयशंकर ने इस बात पर भी जोर दिया कि टैरिफ मुद्दे को गलत तरीके से तेल विवाद के रूप में पेश किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि चीन और अन्य यूरोपीय देश तो हमसे ज्यादा मात्रा में रूस से तेल आयात कर रहे हैं। लेकिन टैरिफ वाली बात उनके ऊपर लागू नहीं हो रही है। जयशंकर ने आगे कहा कि जब लोग कहते हैं कि भारत युद्ध के लिए रूस को पैसा दे रहा है, तो उन्हें यह भी देखना चाहिए कि रूस-यूरोपीय व्यापार भारत-रूस व्यापार से कहीं अधिक बड़ा है। इस बात में काफी विरोधाभास है।

### नए राजदूत से टिप्पणी पर इनकार

जयशंकर ने साफ कहा कि भारत को अपने राष्ट्रीय हित में निर्णय लेने का पूरा अधिकार है। उन्होंने इसे रणनीतिक स्वायत्तता बताया। भारत–अमेरिका संबंधों पर बोलते हुए जयशंकर ने कहा कि तनाव के बावजूद बातचीत जारी है। उन्होंने कहा कि हम दो बड़े देश हैं... लाइनें कटी नहीं हैं, लोग एक–दूसरे से बात कर रहे हैं, और हम देखेंगे कि यह कहां जाता है। वाशिंगटन के नए राजदूत के बारे में पूछे जाने पर, जयशंकर ने कोई टिप्पणी करने से इनकार कर दिया।

### उत्तराखंड के थराली में बादल फटा, एक की मौत

**चमोली.** उत्तराखंड में चमोली जिले के थराली में शुक्रवार देर रात बादल फट गया। हादसा रात 1 से 2 बजे के बीच हुआ। आसपास के दो गांव सागवाड़ा और चेपड़ों में काफी नुकसान हुआ।

चमोली के DM संदीप तिवारी ने बताया कि थराली तहसील मुख्यालय के एक किलोमीटर के दायरे में कई जगहों पर तबाही मच गई क्योंकि स्थानीय नदियों का जलस्तर तेजी से बढ़ गया।

चेपड़ों गांव में एक व्यक्ति लापता है, जबकि सागवाड़ा में एक घर पर मलबा गिरने से एक लड़की दब गई थी। कुछ घंटो बाद उसका शव बरामद कर लिया गया।

# कर्नाटक धर्मस्थल केस- शिकायतकर्ता ही गिरफ्तार




- कहा था- लाशें जलाने-दफनाने को मजबूर किया
- SIT बोली- बयान और दस्तावेज में फर्क

**हैदराबाद.** कर्नाटक के धर्मस्थल में कई शवों को दफनाने के केस में नया ट्विस्ट आया है। इस मामले के शिकायतकर्ता को राज्य सरकार की स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम ने गिरफ्तार कर लिया है। इसी शख्स ने पिछले दो दशकों में धर्मस्थल में कई हत्याओं, बलात्कार और शव दफनाने का आरोप लगाया था।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, SIT के चीफ प्रणब मोहंती ने शिकायतकर्ता से शुक्रवार देर रात तक पूछताछ की। शनिवार सुबह उसे अरेस्ट किया गया। उन्होंने कहा कि पूर्व सफाईकर्मी के बयान और दस्तावेजों में अंतर है। हालांकि टीम ने इस अंतर के बारे में जानकारी नहीं दी है। गिरफ्तार शिकायतकर्ता मंदिर का पूर्व सफाई कर्मचारी था। वह नकाब पहनकर SIT के सामने पेश हुआ था। उसकी पहचान सी एन चिन्नैया के रूप में हुई है। उसे फर्स्ट क्लास ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट विजयेंद्र की कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने SIT को चिन्नैया की 10 दिन की कस्टडी में भेज दिया है।

चिन्नैया का दावा था कि उसने 1995 से 2014 के बीच धर्मस्थल में काम किया था। उसे महिलाओं और नाबालिगों समेत कई शवों को दफनाने के लिए मजबूर किया गया था।

चिन्नैया का कहना था कि कुछ शवों पर यौन उत्पीड़न के निशान थे। उसने एक मजिस्ट्रेट के सामने बयान भी दिया था। उसी की शिकायत पर धर्मस्थल थाने में जुलाई में केस दर्ज किया गया।

### विपक्ष के उपराष्ट्रपति कैंडिडेट बोले- चुनाव की गरिमा बनी रहे

उपराष्ट्रपति चुनाव से पहले I.N.D.I.A ब्लॉक के उम्मीदवार बी सुदर्शन रेड्डी ने शनिवार को कहा कि वे चाहते हैं कि इस चुनाव की गरिमा बनी रहे और ये अब तक के सभ्य चुनावों में से एक हो। कोई किसी पर पर्सनल अटैक न करे।

दरअसल, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा था कि सुदर्शन रेड्डी वही हैं, जिन्होंने वामपंथी उग्रवाद और नक्सलवाद को समर्थन देने वाला जजमेंट दिया था। अगर सलवा जुडूम के खिलाफ जजमेंट न होता तो वामपंथी उग्रवाद 2020 तक खत्म हो गया होता।

# कांग्रेस विधायक केसी वीरेंद्र को ED ने किया अरेस्ट

- 12 करोड़ कैश, छह करोड़ की ज्वेलरी बरामद

**बेंगलूरु.** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कर्नाटक कांग्रेस विधायक केसी वीरेंद्र 'पप्पी' को शनिवार को मनी लॉन्ड्रिंग कानून के तहत सिक्किम से एक कथित अवैध ऑनलाइन और ऑफलाइन सट्टेबाजी मामले में गिरफ्तार किया गया। केंद्रीय जांच एजेंसी ने यह भी कहा कि उसने शुक्रवार को कई राज्यों में की गई छापेमारी के बाद 12 करोड़ रुपये नकद (लगभग एक करोड़ रुपये की विदेशी मुद्रा



सहित), 6 करोड़ रुपये के सोने के आभूषण, लगभग 10 किलोग्राम चांदी और चार वाहन जब्त किए।

ईडी ने कहा कि चित्रदुर्ग के 50 वर्षीय विधायक को शुक्रवार को सिक्किम की राजधानी गंगटोक में एक नामित मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया गया और बेंगलुरु की न्यायिक अदालत में पेश करने के लिए ट्रांजिट रिमांड प्राप्त की गई। ईडी का बेंगलुरु क्षेत्र मामले की जांच कर रहा है।

एजेंसी ने बताया कि विधायक अपने सहयोगियों के साथ एक कसीनो लीज पर लेने के लिए व्यावसायिक यात्रा पर गंगटोक गए थे। वीरेंद्र के भाई के.सी. नागराज और उनके बेटे पृथ्वी एन. राज के ठिकानों से संपत्ति से जुड़े कई दस्तावेज भी जब्त किए गए। ईडी ने कहा, 'उनके अन्य सहयोगी, जैसे कि एक और भाई के.सी. थिप्पेस्वामी, दुबई से ऑनलाइन गेमिंग का संचालन संभाल रहे हैं।'

एक दिन पहले ही प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने केसी वीरेंद्र, उनके भाई और कई अन्य लोगों के खिलाफ अवैध ऑनलाइन और ऑफलाइन सट्टेबाजी में कथित संलिप्तता के आरोप में धन शोधन के एक मामले में छह राज्यों में 30 ठिकानों पर छापेमारी की थी। ईडी के बेंगलुरु क्षेत्रीय कार्यालय ने चित्रदुर्ग (छह), बेंगलुरु (10), जोधपुर (तीन), हुबली (एक), मुंबई (दो) और गोवा (आठ) में फैले 30 ठिकानों की तलाशी ली, जिनमें पांच प्रमुख कैसीनो - पपीज कैसीनो गोल्ड, ओशन रिवर्स कैसीनो, पपीज कैसीनो प्राइड, ओशन 7 कैसीनो और बिग डैडी कैसीनो शामिल हैं।

# ट्रक-ऑटो में टक्कर, 9 की मौत

**पटना.** पटना में सड़क हादसे में 9 लोगों की मौत हो गई है। 4 लोग घायल हुए हैं। एक्सीडेंट शनिवार सुबह शाहजहांपुर के दनियावां हिलसा स्टेट हाईवे-4 पर सिगरियावा स्टेशन के पास हुआ। ट्रक-ऑटो में हुई आमने-सामने की टक्कर में 7 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 2 ने अस्पताल में दम तोड़ा। मरने वालों में 8 महिलाएं और ऑटो ड्राइवर शामिल हैं। मृतकों में मां-बेटी भी है। दनियावां थाना अध्यक्ष ने बताया, मृतक नालंदा जिले के हिलसा के मलावा के रहने वाले थे। घायलों की हालत चिंताजनक बनी हुई है। सभी को इलाज के लिए PMCH भेजा गया है।

प्रत्यक्षदर्शी राजीव रंजन ने बताया, 'सुबह 6 बजे के आसपास की घटना है। ट्रक वाले ने ऑटो को जोरदार टक्कर मारी। ऑटो से सभी गंगा स्नान के लिए जा रहे थे। 8 से 9 लोगों की मौत हुई है।

# शख्स ने शिमला की सड़क पर कर दी नोटों की बारिश

- उड़ा डाले 19 हजार रुपए
- सामने आई यह वजह

**शिमला.** हिमाचल प्रदेश के शिमला शहर से हैरान करने वाला मामला सामने आया है, यहां के रिज मैदान इलाके में महात्मा गांधी की प्रतिमा के पास एक शख्स ने शुक्रवार को नोटों की बारिश कर दी। जिसके बाद वहां लोगों की भीड़ लग गई और वे उसका वीडियो बनाने लगे। सबसे ज्यादा चौंकाने वाली बात तो यह है कि इन नोटों को उठाने के लिए कोई इंसान आगे नहीं आया। बल्कि वहां मौजूद लोगों ने इस बारे में पुलिस को खबर कर दी। जिसके बाद पुलिस ने आकर सड़क पर पड़े उन नोटों को उठवाया और उन्हें उड़ाने वाले उस शख्स को अपने साथ थाने ले गई। हालांकि पूछताछ के बाद पुलिस ने वह सारी राशि उसी व्यक्ति को वापस उसी शख्स को दे दी। पुलिस के अनुसार शख्स ने करीब 19 हजार रुपए की रकम उड़ाई थी, जो उसे वापस कर दी गई। इस घटना का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

विभिन्न मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार नोटों की यह बारिश दिल्ली से आए एक शख्स ने शिमला के रिज इलाके में स्थित 'टका बेंच' से महात्मा गांधी की प्रतिमा के पास की थी। वह दोस्तों के साथ घूमने आया था। इस दौरान उसने 50, 100 और 200 रुपए के नोट के रूप में हजारों रुपए उड़ा दिए। लोगों ने जब इस बारे में वहां तैनात पुलिसकर्मियों को बताया तो उन्होंने उस शख्स को जाकर उसे ऐसा करने से रोका और उसे मालरोड पर स्थित पुलिस कंट्रोल रूम ले गए।

# एशियन शूटिंग- एलावेनिल ने रिकॉर्ड के साथ गोल्ड जीता

भारत की दो बार की ओलिंपियन एलावेनिल वलारिवन ने कजाकिस्तान के शिमकेंट शूटिंग प्लाजा में आयोजित 16वें एशियाई शूटिंग चैंपियनशिप के पांचवें दिन महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल इवेंट में गोल्ड मेडल जीता। वहीं, जूनियर महिला टीम ने 10 मीटर एयर राइफल में वर्ल्ड रिकॉर्ड के साथ गोल्ड अपने नाम किया।

### एलावेनिल ने चीनी शूटर को हराया

एलावेनिल ने 24 शॉट्स के फाइनल में चीन की 16 साल की पेंग शिनलू को कड़ी टक्कर देते हुए 253.6 का स्कोर बनाया, जो एक नया एशियाई फाइनल रिकॉर्ड है। पेंग 0.6 अंक पीछे रहकर सिल्वर मेडल जीता, जबकि कोरिया की क्वोन यूनजी ने ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया।

एलावेनिल का यह इस इवेंट में दूसरा इंडिविजुअल गोल्ड मेडल है। इससे पहले उन्होंने 2019 में चीन के ताइयुआन में आयोजित एशियाई चैंपियनशिप में भी गोल्ड जीता था। उनकी साथी



भारतीय निशानेबाज मेहुली घोष फाइनल में चौथे स्थान पर रहीं, जिनका स्कोर 208.9 रहा।

### सिंगल्स शॉट्स में 10 से ऊपर स्कोर किया

पहली सीरीज (पांच शॉट्स) के बाद एलावेनिल चौथे स्थान पर थीं। दूसरी सीरीज के बाद वे संयुक्त रूप से चौथे स्थान पर रहीं। इसके बाद अगले 14 सिंगल्स शॉट्स में उन्होंने 10.5 से कम स्कोर नहीं किया। खास तौर पर 13वां शॉट 10.9 का रहा, जो परफेक्ट था।

कोरिया की क्वोन और चीन की पेंग ने उनका पीछा किया, लेकिन एलावेनिल ने लगातार बढ़त बनाए रखी। क्वोन का 22वां शॉट 9.9 रहा, जिसके कारण उनकी गोल्ड की उम्मीदें खत्म हो गईं। पेंग ने अंत तक हार नहीं मानी और 10.8 के साथ फाइनल शॉट लगाया, लेकिन एलावेनिल ने 10.6 और 10.7 के शॉट्स के साथ अपनी बढ़त बरकरार रखी और गोल्ड अपने नाम किया।

### फाइनल के लिए एलावेनिल और मेहुली घोष ने क्वालिफाई किया

फाइनल से पहले क्वालिफिकेशन राउंड में एलावेनिल ने 630.7 और मेहुली ने 630.3 का स्कोर बनाकर क्रमशः सातवां और आठवां स्थान हासिल किया। दोनों ने अनन्या नायडू (630.0) के साथ मिलकर 1891 के कुल स्कोर के साथ टीम ब्रॉन्ज मेडल जीता। इस इवेंट में चीन ने गोल्ड और कोरिया ने सिल्वर मेडल हासिल किया।

# SC बोला- सरकार राज्यपालों की मर्जी पर नहीं चल सकती

## उन्हें विधानसभा से पास बिल को अनिश्चितकाल तक मंजूरी देने से रोकने का अधिकार नहीं

**नई दिल्ली.** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कहा कि निर्वाचित सरकारें राज्यपालों की मर्जी पर नहीं चल सकतीं। अगर कोई बिल राज्य की विधानसभा से पास होकर दूसरी बार राज्यपाल के पास आता है, तो राज्यपाल उसे राष्ट्रपति के पास नहीं भेज सकते।

संविधान के अनुच्छेद 200 के तहत राज्यपाल के पास चार विकल्प होते हैं- बिल को मंजूरी देना, मंजूरी रोकना, राष्ट्रपति के पास भेजना या विधानसभा को पुनर्विचार के लिए लौटाना। लेकिन अगर विधानसभा दोबारा वही बिल



पास करके भेजती है, तो राज्यपाल को उसे मंजूरी देनी होगी।

CJI बीआर गवई की अध्यक्षता वाली पांच जजों की बेंच ने कहा कि अगर राज्यपाल बिना पुनर्विचार के ही मंजूरी रोकते हैं, तो इससे चुनी हुई सरकारें राज्यपाल की मर्जी पर निर्भर हो जाएंगी। कोर्ट ने कहा कि राज्यपाल को यह अधिकार नहीं है कि वे अनिश्चितकाल तक मंजूरी रोककर रखें।

बेंच में CJI के अलावा जस्टिस सूर्यकांत, विक्रम नाथ, पी एस नरसिम्हा और ए एस चंदुरकर शामिल हैं। पांच जजों वाली बेंच गुरुवार को लगातार तीसरे दिन 'भारत के राज्यपाल और राष्ट्रपति की तरफ से बिल को मंजूरी, रोक या रिजर्वेशन' मामले की सुनवाई जारी रखेगी।

सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने दलील दी कि राज्यपाल को केवल पोस्टमैन की भूमिका में नहीं रखा जा सकता। उनके पास कुछ संवैधानिक अधिकार हैं और वे राष्ट्रपति द्वारा नियुक्त होते हैं।

वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने केंद्र की दलीलों का विरोध करते हुए कहा कि अगर राज्यपाल को यह अधिकार है, तो फिर राष्ट्रपति भी केंद्र सरकार के बिलों पर मंजूरी रोक सकते हैं। इस पर चीफ जस्टिस ने कहा कि संविधान की व्याख्या राजनीतिक परिस्थितियों को देखकर नहीं की जाएगी।

# भारत का कड़ा एक्शन, अमेरिका के लिए बंद की पोस्टल सर्विस

**नई दिल्ली.** ट्रंप टैरिफ वार के बीच भारत ने अमेरिका पर एक्शन लिया है। डाक विभाग (डीओपी) ने शनिवार को कहा कि उसने 25 अगस्त से अमेरिका जाने वाली सभी प्रकार की डाक वस्तुओं की बुकिंग अस्थायी रूप से निलंबित करने का निर्णय लिया है।

हालांकि, इस निलंबन से 100 डॉलर तक के मूल्य के पत्रों, दस्तावेजों और उपहारों को छूट दी गई है। संचार मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि इन छूट प्राप्त श्रेणियों को सीबीपी और यूएसपीएस से आगे स्पष्टीकरण मिलने के बाद, अमेरिका में स्वीकार और प्रेषित किया जाना जारी रहेगा।

इसमें आगे कहा गया है, 'विभाग सभी हितधारकों के साथ समन्वय में विकसित स्थिति पर बारीकी से नजर रख रहा है और जल्द से जल्द सेवाओं को सामान्य करने के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है।'

डाक विभाग ने अमेरिकी प्रशासन की ओर से 30 जुलाई, 2025 को जारी किए गए कार्यकारी आदेश पर ध्यान दिया है, जिसके तहत 29 अगस्त, 2025 से 800 डॉलर तक के मूल्य के सामानों के लिए 'शुल्क-मुक्त न्यूनतम छूट' वापस ले ली जाएगी।

इसके परिणामस्वरूप, अमेरिका के लिए भेजी जाने वाली सभी अंतर्राष्ट्रीय डाक वस्तुएं, चाहे उनका मूल्य कुछ भी हो, देश-विशिष्ट अंतर्राष्ट्रीय आपातकालीन आर्थिक शक्ति अधिनियम (IEEPA) टैरिफ ढांचे के अनुसार सीमा शुल्क के अधीन होंगी।

हालांकि, 100 डॉलर तक के मूल्य की उपहार वस्तुएं शुल्क से मुक्त रहेंगी। कार्यकारी आदेश के अनुसार, अंतर्राष्ट्रीय डाक नेटवर्क के माध्यम से शिपमेंट पहुंचाने वाले परिवहन वाहक, या अमेरिकी सीमा शुल्क और सीमा सुरक्षा (CBP) की ओर से अनुमोदित अन्य 'योग्य पक्ष', डाक शिपमेंट पर शुल्क वसूलने और भेजने के लिए बाध्य हैं।

### Google ने दिया सबसे बड़ा गिफ्ट

गूगल ने यूजर्स को तगड़ा गिफ्ट दिया गया है। कंपनी के सीईओ सुंदर पिचाई ने ऐलान किया है कि Google Veo 3 इस वीकेंड हर यूजर के लिए फ्री रहेगा। पिचाई ने यह ऐलान एक X पोस्ट में किया है। पिचाई ने गूगल के पोस्ट को रीपोस्ट किया है। गूगल के पोस्ट के अनुसार इस वीकेंड जेमिनी ऐप में यूजर Veo 3 के जरिए फ्री में तीन वीडियो जेनरेट कर सकते हैं। गूगल इस ऑफर के साथ अपने इस शानदार मीडिया टूल का एक्सपीरियंस ज्यादा से ज्यादा यूजर्स को देना चाहता है।

#### मंथली सब्सक्रिप्शन चार्ज 1999 रुपये

आमतौर पर विओ 3 जेमिनी ऐप के प्रो सब्सक्रिप्शन के साथ आता है। भारत में इसका मंथली सब्सक्रिप्शन चार्ज 1999 रुपये है। हालांकि, नए यूजर्स को कंपनी एक महीने का फ्री ट्रायल दे रही है, लेकिन पहली बार इसे सभी के लिए फ्री कर दिया गया है। सीईओ पिचाई का भी कहना है कि इस ऑफर का मकसद ज्यादा से ज्यादा यूजर्स तक क्रिएटिव अवसर पहुंचाना है।

## संक्षेप...

### डेवलपर से 10.11 लाख रुपये ठग लिए

**मुंबई.** चेम्बुर के 52 वर्षीय डेवलपर ने कोलाबा पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है कि तीन व्यक्तियों ने उसे धोखाधड़ी के माध्यम से 10.11 लाख रुपये ठग लिए। आरोप है कि ये लोग उसे 5 करोड़ रुपये के ऋण की व्यवस्था करने का झांसा देकर रकम ले गए। शिकायतकर्ता ने बताया कि आरोपियों ने बड़े प्रोजेक्ट के लिए फंड उपलब्ध कराने का दावा किया और इसके एवज में उसे रकम जमा करने के लिए कहा।

# जिलाधिकारी कार्यालय में गणेशोत्सव की तैयारी समीक्षा बैठक आयोजित

**ठाणे.** इस गणेशोत्सव के दौरान पर्यावरण का ध्यान रखते हुए सुरक्षित त्योहारों पर ज़ोर दिया जाना चाहिए। यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हों कि गणेशोत्सव के दौरान नागरिकों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े जिलाधिकारी डॉ. श्रीकृष्ण पंचाल ने आज यह अपील की।इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनमोल मित्तल, मीरा-भायंदर के पुलिस उपायुक्त राहुल चव्हाण, निवासी उपजिलाधिकारी डॉ. संदीप माने सहित राजस्व, पुलिस, मनपा, लोक निर्माण विभाग, स्वास्थ्य और महाराष्ट्र सड़क विकास निगम के अधिकारी उपस्थित थे।जिलाधिकारी डॉ. पांचाल ने आगे कहा कि विसर्जन मार्ग पर गड्ढों को प्राथमिकता के आधार पर भरा जाए और मंडपों के निर्माण के दौरान सड़कों को नुकसान न पहुंचे, इसका ध्यान रखा जाए। गणेश मंडलों को आवश्यक परमिट जारी करने के लिए 'एकल खिड़की' योजना का प्रभावी ढंग से क्रियान्वयन किया जाए। गणेशोत्सव के दौरान 24 घंटे निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। गणेश मंडलों के लिए आवश्यक प्रकाश व्यवस्था और विद्युत कार्यों का निरीक्षण किया जाए और खतरनाक तारों की तुरंत मरम्मत की जाए। विसर्जन स्थल पर सुरक्षा और अग्निशमन व्यवस्था तैयार रखी जाए। इन्हें हटाने की तत्काल योजना बनाई जाए ताकि वाहनों के रुकने से यातायात जाम न हो।उन्होंने आगे कहा कि ध्वनि और जल प्रदूषण से बचने के लिए विशेष सावधानी बरती जानी चाहिए। नागरिकों से



शाडू से बनी मिट्टी की मूर्तियाँ खरीदने की अपील की जानी चाहिए और उनकी उपलब्धता की विशेष व्यवस्था की जानी चाहिए। पर्यावरण-अनुकूल गणेशोत्सव के लिए सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों से जागरूकता अभियान चलाया जाना चाहिए। मंडलों और सार्वजनिक स्थानों पर पर्यावरण-अनुकूल गणेशोत्सव के महत्व को समझाने वाले पर्चे वितरित करने के निर्देश दिए जाने चाहिए। गणेशोत्सव के दौरान शांति-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल की तैनाती बढ़ाई जानी चाहिए। संवेदनशील स्थानों पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। जुलूसों के दौरान अस्पतालों और शहरी बस्तियों के पास से गुजरते समय वाद्य यंत्रों की ध्वनि कम करने की अपील की जानी चाहिए।भीड़-भाड़ वाले स्थानों और महत्वपूर्ण विसर्जन स्थलों पर अस्थायी कृत्रिम झीलें बनाई जानी चाहिए। गणेश प्रतिमाओं का अपमान न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए। अपशिष्ट प्रबंधन की उचित योजना बनाकर प्रत्येक विसर्जन स्थल पर स्वच्छता बनाए रखना आवश्यक है। प्रत्येक विसर्जन स्थल पर निर्माल्य एकत्र करने और उसे उचित स्थान पर खाद बनाने के लिए भेजने की अलग व्यवस्था की जानी चाहिए। उत्सव के दौरान संभावित स्वास्थ्य समस्याओं को ध्यान में रखते हुए चिकित्सा दल तैयार रहने चाहिए। जिला कलेक्टर डॉ. पांचाल ने विश्वास व्यक्त किया कि यदि सभी सरकारी एजेंसियां एक-दूसरे के साथ समन्वय में काम करती हैं, तो गणेशोत्सव सुचारू रूप से आयोजित किया जाएगा, उन्होंने सलाह दी कि यदि मौसम विभाग भारी वर्षा की चेतावनी जारी करता है तो उत्पन्न होने वाली स्थिति से निपटने के लिए आपातकालीन उपाय तैयार किए जाने चाहिए।

# 'गणेश उत्सव से पहले सड़कों के गड्ढे भरे जाएँ'

## वन मंत्री गणेश नाईक की अध्यक्षता में ठाणे में जनता दरबार का आयोजन किया गया

- **जनता दरबार में 200 से ज़्यादा आवेदन प्राप्त हुए**

**ठाणे.** राज्य के वन मंत्री और पालघर ज़िले के पालक मंत्री गणेश नाईक ने प्रशासन को सड़कों के गड्ढे तुरंत भरने के निर्देश दिए हैं ताकि गणेश उत्सव के दौरान श्रद्धालुओं को किसी भी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। ठाणे के राम गणेश गडकरी रंगायतन में मंत्री नाईक की अध्यक्षता में जनता दरबार का आयोजन किया गया।

इस जनता दरबार में नागरिकों ने विभिन्न मुद्दों पर 200 से ज़्यादा आवेदन प्रस्तुत किए। इनमें से ज़्यादातर आवेदनों पर उपस्थित



प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देश देकर कार्रवाई की गई। शेष आवेदनों पर समय पर कार्रवाई की जाएगी। नागरिकों ने नागरिक मुद्दों, प्रशासन द्वारा किए जा रहे अन्याय और विभिन्न समूहों की लंबित मांगों के संबंध में ज्ञापन प्रस्तुत किए। पूर्व सांसद डॉ. संजीव नाइक, ठाणे भाजपा अध्यक्ष संदीप लेले, पूर्व अध्यक्ष संजय वाघुले, राष्ट्रवादी अजीत दादा गुट के आनंद परांजपे, ठाणे मनपा के वरिष्ठ अधिकारी, जिला कलेक्टर, लोक निर्माण विभाग, महावितरण, महानगर गैस, पुलिस, वन आदि उपस्थित थे।जनता दरबार में ठाणे में घोड़बंदर मार्ग और अन्य स्थानों पर क्षतिग्रस्त सड़कों का मुद्दा उठाया गया। वाहनों की संख्या बढ़ी है, लेकिन सड़कों की क्षमता पहले जितनी ही है, इसलिए सड़कें खराब हो गई हैं। मंत्री नाइक ने बताया कि घोड़बंदर मार्ग पर मेट्रो का काम चल रहा है और नई सड़कें बनाई जा रही हैं।उन्होंने मनपा, लोक निर्माण विभाग और राज्य सड़क विकास निगम के अधिकारियों को गणेशोत्सव से पहले सभी सड़कों के गड्ढे भरकर सड़कों की मरम्मत करने के निर्देश दिए। शहरों में शहरीकरण और जनसंख्या के साथ-साथ वाहनों की संख्या भी तेजी से बढ़ रही है। यातायात जाम की समस्या गंभीर हो गई है। इसलिए, उन्होंने बताया कि सरकार एलिवेटेड रोड बनाकर इस समस्या का समाधान करने का प्रयास कर रही है।ठाणे में कुछ पुनर्विकास परियोजनाओं में लाभार्थी निवासियों को घर न मिलने की शिकायतें प्राप्त हुईं। उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों को इसकी जाँच करने और संबंधित शिकायतकर्ताओं को घर उपलब्ध कराने के आदेश दिए।

### नागरिकों की शिकायतों का तुरंत समाधान

- जिलाधिकारी कार्यालय व्हाट्सएप नंबर शिकायत निवारण पहल

**ठाणे.** जिलाधिकारी डॉ. श्रीकृष्ण पांचाल ने व्हाट्सएप पर एक संदेश आपकी संतुष्टि पहल के माध्यम से नागरिकों की समस्याओं का प्रभावी समाधान करने के लिए कदम उठाए हैं। 9930001185 व्हाट्सएप नंबर है और नागरिक इस नंबर पर अपनी शिकायतें दर्ज करा सकेंगे।भारत के 79वें स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त जिलाधिकारी कार्यालय द्वारा व्हाट्सएप नंबर शिकायत निवारण पहल का अनावरण उपमुख्यमंत्री और ठाणे जिले के संरक्षक मंत्री एकनाथ शिंदे के हाथों किया गया।जिलाधिकारी डॉ. श्रीकृष्ण पांचाल ने जिले के नागरिकों से इस सुविधा का लाभ उठाने की अपील की है।

# टोल-मुक्त सड़कें कोंकण यात्रा के दौरान भक्तों का आनंद दोगुना कर देंगी

**ठाणे.** गणेश भक्तों के लिए एक बड़ी खुशखबरी है। राज्य सरकार ने आगामी गणेशोत्सव के दौरान कोंकण जाने वाले भक्तों के लिए टोल माफ़ी की घोषणा की है। 23 अगस्त से 8 सितंबर तक, भक्तों को मुंबई-बेंगलुरु राष्ट्रीय राजमार्ग (संख्या 48), मुंबई-गोवा राष्ट्रीय राजमार्ग (संख्या 66) और लोक निर्माण विभाग तथा महाराष्ट्र राज्य सड़क विकास निगम के अधिकार क्षेत्र में आने वाली अन्य सड़कों पर टोल बूथों पर टोल नहीं देना होगा।

इस निर्णय से कोंकण जाने वाले वाहन मालिकों, जिनमें राज्य सड़क निगम की बसें भी शामिल हैं, को बड़ी राहत मिलेगी। टोल माफ़ी के लिए 'गणेशोत्सव 2025



कोंकण दर्शन नामक एक विशेष पास जारी किया जाएगा और यह यातायात पुलिस, स्थानीय पुलिस, ठाणे क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय में उपलब्ध कराया जाएगा, जिसमें यात्रा का विवरण, वाहन संख्या और मालिक का नाम लिखा होगा।सरकारी आदेश के अनुसार, ये पास दोनों यात्राओं के लिए मान्य होंगे। साथ ही ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में पुलिस और क्षेत्रीय परिवहन कार्यालयों को इस संबंध में आवश्यक निर्देश दिए गए हैं, और आम श्रद्धालुओं को सूचित करने के लिए विज्ञापन और सूचनाएँ भी प्रकाशित की जाएँगी, ऐसा उप क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी रोहित काटकर ने बताया।इससे कोंकण जाने वाले श्रद्धालुओं का आर्थिक और मानसिक तनाव कम होगा, और सरकार का यह निर्णय 'गणेश उत्सव की मधुरता और श्रद्धालुओं की सुविधा', दोनों ही दृष्टि से स्वागत योग्य है।

# धन गुरु नानक दरबार की 24 घंटे लंगर सेवा

**उल्हासनगर.** भारी बारिश के कारण वालधुनी और उल्हास नदियों में बाढ़ का गंभीर खतरा पैदा हो गया। नदी किनारे रहने वाले नागरिकों के घरों में पानी घुसने की आशंका के चलते कई लोगों को अपना घर छोड़ना पड़ा. इस विकट परिस्थिति में नागरिकों को भूखा न रहना पड़े, यह सुनिश्चित करने के लिए उल्हासनगर-3 स्थित धन गुरु नानक दरबार, डेरा संत बाबा थाहिरिया सिंह साहिब ने 24 घंटे निर्बाध लंगर सेवा प्रदान की। शहर और आसपास के इलाकों में लगातार तीन दिनों से हो रही भारी बारिश ने नागरिकों की चिंताएँ बढ़ा दी। वालधुनी और उल्हास नदियों का जलस्तर बढ़ने से नदी किनारे रहने वाले हज़ारों परिवारों को बाढ़ का सामना करना पड़ा. घरों में पानी घुसने की आशंका के चलते कई



परिवारों को अपना घर छोड़कर सुरक्षित स्थानों पर जाना पड़ा. ऐसे में नागरिकों पर भोजन की कमी, भूख और मुश्किलें बढ़ती गईं. इस विकट परिस्थिति में, धन गुरु नानक दरबार, डेरा संत बाबा ठाहिरिया सिंह साहिब, उल्हासनगर कैंप-3 ने पहल करते हुए मानवता की मिसाल पेश की।

### निरंतर जारी रहेगी सेवा

बाढ़ प्रभावित और बेघर नागरिकों के लिए 24 घंटे नि:शुल्क लंगर सेवा की व्यवस्था की गई। दरबार का कहना है कि संकट की इस घड़ी में कोई भी भूखा न रहे, इसके लिए दरबार संकल्पित है। नागरिकों को भोजन और पानी की कमी न हो, इसके लिए यह सेवा निरंतर जारी रहेगी।

### पुलिस कांस्टेबल स्कैमर्स का शिकार

**मुंबई.** ऑनलाइन साइबर धोखाधड़ी के एक और मामले में, एक 49 वर्षीय मुंबई पुलिस कांस्टेबल अनजाने में व्हाट्सएप ग्रुप लिंक से एक दुर्भावनापूर्ण एप्लिकेशन डाउनलोड करने के बाद स्कैमर्स का शिकार हो गया। धोखेबाजों ने अनधिकृत ऑनलाइन लेनदेन के माध्यम से उसके बैंक खाते से 8.13 लाख रुपये से अधिक की राशि निकाल ली। पुलिस कांस्टेबल शरद पवार के शिकायतकर्ता के अनुसार, ताड़देव पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। शिकायतकर्ता, वर्तमान में मुंबई पुलिस में एक कांस्टेबल के रूप में कार्यरत हैं और पिछले एक साल से ताड़देव पुलिस मुख्यालय बैरक में रह रहे हैं.

# गड्ढे में गिरकर डॉक्टर की दर्दनाक मौत

- **नागरिकों ने रास्ता जाम कर किया मनपा और ट्रैफिक विभाग का विरोध**
- **मनपा क्षेत्रीय उप अभियंता की बर्खास्तगी की मांग**

**भिवंडी.** शुक्रवार रात्रि को बंजार पट्टी नाका सिराज अस्पताल के पास सड़क किनारे गड्ढे से फिसलकर एक्टिवा सवार डाक्टर नसीम अंसारी की दर्दनाक मौत हो गई.सड़क हादसे से मृतक डाक्टर के परिजनों, रिश्तेदारों,शुभचिंतकों में मातम पसरा हुआ है.



मिली जानकारी के अनुसार, गुलजार नगर निवासी डा नसीम हाजी अमीन अंसारी (50) शुक्रवार रात करीब 12 बजे एक्टिवा गाड़ी से वंजारपट्टी नाका की तरफ से गुलजार नगर स्थित घर जा रहे है.सिराज अस्पताल के सामने सड़क पर हुए गड्ढों में फिसलकर गिर पड़े.पीछे से आ रहा ट्रक डाक्टर अंसारी के ऊपर चढ़ने से मौके पर दर्दनाक मौत हो गई. हादसे की सूचना मिलते ही परिजन सहित तमाम क्षेत्रीय नागरिक घटनास्थल पर पहुंचे और आक्रोश व्यक्त करते हुए रास्ता अवरुद्ध कर दिया.हादसे से शोक संतप्त नागरिकों ने मनपा एवं ट्रैफिक विभाग के खिलाफ भारी नाराजगी का इजहार किया. हादसे से नाराज लोगों ने शहर के बाहर से आने वाले भारी वाहनों को रोक कर विरोध दर्शाते हुए मनपा प्रशासन,ट्रैफिक विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की. बंजार पट्टी नाका से भारी वाहनों का चक्का जाम होने से कुछ ही देर में समूचे शहर में भारी जाम लग गया. पुलिस अधिकारियों द्वारा काफी समझने के बाद हैवी वाहनों को जाने दिया गया. निजामपुर पुलिस ने ट्रक चालक मोहम्मद बिलाल मोहम्मद अस्लम को गिरफ्तार किया है.

आक्रोशित नागरिकों ने डा. नसीम अंसारी की मौत का जिम्मेदार मनपा प्रशासन को ठहराते हुए सड़कों की दुरुस्ती में लापरवाही बरतने वाले उप अभियंता वसीम शेख को तत्काल निलंबित किए जाने की मांग प्रशासक, आयुक्त अनमोल सागर से की है.

### 12 से ज्यादा बाइक और दो कारों में लगाई आग

समूचे शहर में भारी बरसात की वजह से सड़कों पर गड्ढा हुआ है .भारी बारिश में भी गड्ढों को भरा जाना शुरू है लेकिन कोशिश के बाद भी मटेरियल गड्ढों से बह जाता है . गड्ढों की भराई युद्धस्तर पर शुरू कर जल्द ही सड़कों पर हुए तमाम गड्ढों को दुरुस्त किया जाएगा .गड्ढा दुरुस्ती में लापरवाही बरतने वालों पर कड़क एक्शन होगा .

**-अनमोल सागर**, प्रशासक,आयुक्त मनपा भिवंडी .

# गड्ढों से हुए हादसे को लेकर राकांपा मनपा के खिलाफ आक्रामक

## मनपा प्रशासन के खिलाफ करेंगे आंदोलन- प्रवीण पाटिल

**भिवंडी.** बंजार पट्टी नाका सिराज अस्पताल के पास शुक्रवार रात्रि को गड्ढों में गिरकर हुई डाक्टर की मौत से शहरवासियों एवं राजनैतिक दलों में मनपा कार्यप्रणाली के खिलाफ भारी नाराजगी फैली है. राकांपा जिलाध्यक्ष प्रवीण पाटिल ने चेतावनी दी है कि, आम जनता के साथ मिलकर राकांपा मनपा मुख्यालय के समक्ष जनांदोलन करेगी.

गौरतलब हो कि,शुक्रवार रात्रि को सिराज अस्पताल के पास सड़क किनारे गड्ढे में फिसलकर एक्टिवा सवार गुलजार नगर निवासी डाक्टर नसीम अंसारी(50) गिर पड़े और पीछे से आ रही भारी वाहन के पीछे हिस्से में दबने से दर्दनाक मौत हो गई. हादसे के उपरांत नागरिकों ने आक्रोशित होकर सड़क जाम कर हैवी वाहनों को शहर से बाहर जाने



पर रोक लगाई जिससे शहर में भारी ट्रैफिक जाम हो गया था. निजामपूर पुलिस ने ट्रक चालक मोहम्मद बिलाल मो.असलम को गिरफ्तार किया है.पुलिस अधिकारियों द्वारा समझाए जाने के बाद नागरिकों का गुस्सा शांत हुआ और जाम से निजात मिली.

राकांपा जिलाध्यक्ष प्रवीण पाटिल ने घटना को बेहद दुखद बताते हुए कहा कि,मनपा प्रशासन के भ्रष्ट अधिकारियों की वजह से भिवंडी शहर गड्ढों का शहर बन चुका है.सड़क बदहाल होने से आए दिन कोई न कोई सड़क हादसे में जान गंवाता है.विगत 1 वर्ष में दर्जनों हादसों में लोगों की जान गई है.शहर की बदहाली का आलम यह है कि, शहर की सभी सड़कें गड्ढों से भरी हैं.सड़कों पर पैदल चलना भी खतरे से खाली नहीं है.मनपा प्रशासन सड़कों के गड्ढे भरने,दुरुस्ती के नाम पर ठेकेदारों के साथ मिलकर करोड़ों रुपए का भ्रष्टाचार करती है.शहर की सड़कें गांव की सड़कों से भी बदतर हैं.

मनपा प्रशासक,आयुक्त अनमोल सागर को गड्ढा,सड़क दुरुस्ती में लापरवाही बरतने वाले क्षेत्रीय उप अभियंता वसीम शेख को तत्काल निलंबित करना चाहिए.मनपा प्रशासक अनमोल सागर की कार्यप्रणाली पर तंज कसते हुए कहा कि, टैक्स में बढ़ोत्तरी करने के बाद भी जन सुविधा नदारद है.भिवंडी शहर के नागरिकों से टैक्स भुगतान के बावजूद मनपा प्रशासन नागरिकों को बुनियादी सुविधाएं भी प्रदान करने में असफल साबित हो रहा है.

### ठाणे जिप और पंचायत समिति की अंतिम वार्ड संरचना की घोषणा

**ठाणे।** महाराष्ट्र सरकार के ग्रामीण विकास विभाग के 12 जून 2025 के आदेश के अनुसार, राज्य में 32 जिला परिषदों और 336 पंचायत समितियों के आम चुनाव 2025-26 के लिए वार्ड संरचना कार्यक्रम की घोषणा कर दी गई है। इस कार्यक्रम के अनुरूप, आगामी आम चुनावों के लिए ठाणे जिला परिषद और इसके अंतर्गत पांच पंचायत समिति शाहपुर, मुरबाड, कल्याण, भिवंडी, अंबरनाथ की अंतिम वार्ड संरचना कलेक्टर कार्यालय ठाणे,जिला परिषद कार्यालय, तहसीलदार कार्यालय शाहपुर, मुरबाड, कल्याण, भिवंडी, अंबरनाथ के नोटिस बोर्ड के साथ-साथ समूह विकास अधिकारी, पंचायत समिति शाहपुर, मुरबाड, कल्याण, भिवंडी, अंबरनाथ के कार्यालयों के साथ-साथ जिला वेबसाइट पर 22 अगस्त 2025 को प्रकाशित की गई है।

# ड्रग्स तस्करी के आरोपी को 15 साल की कैद

- **9 लाख रुपये का जुर्माना**

**मुंबई.** मुंबई पुलिस की एंटी नारकोटिक्स सेल (गुन्हे शाखा, बांद्रा यूनिट) को बड़ी सफलता मिली है। मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले एक सरगना को विशेष एनडीपीएस अदालत ने दोषी मानते हुए कड़ी सजा सुनाई है।

घटना वर्ष 2022 की है जब मुंबई के माहिम इलाके से आरोपी समीर शकील शेख उर्फ समीर पाणिपुरी (32 वर्ष, निवासी माहिम, मुंबई) को 110 ग्राम मेफेड्रोन (एमडी) नामक प्रतिबंधित मादक पदार्थ के साथ गिरफ्तार किया गया था। जब्त किए गए नशे की कीमत लगभग 16,50,000/- आंकी गई थी।

पुलिस की ओर से दाखिल चार्जशीट और पेश सबूतों के आधार पर, विशेष एनडीपीएस अदालत (कोर्ट नं. 43, मुंबई) ने आरोपी को 15 वर्ष सश्रम कारावास और 9 लाख रुपये का जुर्माना भरने की सजा सुनाई है। जुर्माना न भरने पर आरोपी को अतिरिक्त 6 महीने की कैद भी भुगतनी होगी।

इस मामले में जांच अधिकारी स.पो.नि. श्रीकांत कास्कर, फिर्यादी अधिकारी पी.एस.आ. अतुल सैलवान, मार्गदर्शन अधिकारी पो.नि. संजय बधान सहित एनडीपीएस कक्ष के कई अधिकारियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

अदालत ने माना कि आरोपी के खिलाफ लगाए गए आरोप गंभीर और सबूतों से पुष्ट हैं। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार आरोपी पर पहले से ही कई मामले दर्ज हैं, जिनमें चोरी और मादक पदार्थों की तस्करी शामिल है।

वरिष्ठ अधिकारियों – पुलिस आयुक्त, संयुक्त पुलिस आयुक्त (गुन्हे), एंटी नारकोटिक्स सेल के उच्च पदाधिकारियों के मार्गदर्शन में यह कार्रवाई की गई।

# टाइगर श्रॉफ को एक्टिंग छोड़ देने की मिली सलाह

- **बेटे के सपोर्ट में उतरीं आयशा श्रॉफ**
- **वीडियो पर कमेंट कर पूछा- तुम हो कौन?**

एक्टर टाइगर श्रॉफ जल्द ही फिल्म 'बागी-4' में दिखने वाले हैं। अपनी फिटनेस और डांस के लिए फेमस टाइगर को अक्सर एक्टिंग की वजह से ट्रोल किया जाता है। हाल ही में आर्य



कोठरी नाम के कंटेंट क्रिएटर ने बॉलीवुड स्टार्स को लेकर एक वीडियो बनाया। वीडियो में टॉप 5 ऐसे एक्टर्स की लिस्ट थी, जिन्हें एक्टिंग छोड़ देनी चाहिए। इस लिस्ट में टाइगर का नाम भी शामिल था। ये बात एक्टर की मां आयशा श्रॉफ को अच्छी नहीं लगी और उन्होंने वीडियो पर मजेदार रिएक्शन दे दिया।

कंटेंट क्रिएटर के इस वीडियो पर जैसे ही आयशा श्रॉफ की नजर पड़ी उन्होंने बेटे के सपोर्ट में कमेंट कर दिया। अपने कमेंट में आयशा लिखती हैं- 'और तुम असल में कौन हैं?' इसके साथ ही उन्होंने चार लाफ्टर इमोजी भी लगाई थी।

आयशा के कमेंट को देखते-देखते टाइगर के फैंस का सपोर्ट मिलने लगा। कई फैंस ने वहां जाकर लिखा कि आपको अपने बेटे पर गर्व होना चाहिए। कुछ ने आयशा को सलाह दी कि इन कंटेंट क्रिएटर्स को भाव ना दें। वहीं, इस वीडियो पर वरुण धवन और अभिषेक बच्चन के फैंस ने भी जमकर अपना गुस्सा निकालते हुए, दोनों को उनका काम देखने की सलाह दे डाली।

# बाल्टी में गिरने से 4 साल की मासूम बच्ची की मौत

**मुंबई.** मुंबई के गोरेगांव इलाके से एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। यहाँ बाथरूम में रखी बाल्टी में गिरने से 4 साल की एक मासूम बच्ची की मौत हो गई। मृतक बच्ची की पहचान आकृति यादव के रूप में हुई है। यह घटना गोरेगांव के राजीव गांधी नगर इलाके की है। मृतक बच्ची शारीरिक रूप से दिव्यांग थी। वह न तो चल सकती थी और न ही बोल सकती थी। मृतक बच्ची राजीव गांधी नगर में अपने माता-पिता, दो भाई-बहनों और रिश्तेदारों के साथ एक संयुक्त परिवार में रहती थी। उसके माता-पिता दिहाड़ी मजदूर हैं। मृतक बच्ची बचपन से ही मिर्गी की बीमारी से पीड़ित थी.

## CHANGE OF NAME

I Declare my old Name from
**Bhajandas Shivandas Khubani**
to New Name
**Bhajanlal Shivandas Khubani.**
So all the Public now call me
**Bhajanlal Shivandas Khubani.**






यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099